संक्षिप्त खबरें

## दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे जीतन राम मांझी, आज करेंगे बैठक

**रांची।** झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर बिहार से हम पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जितन राम मांझी रांची पहुंचे हैं । जीतन राम मांझी ने पत्रकारों को बताया कि वह अपने झारखंड में उनकी जो पार्टी के कार्यकर्ता गण हैं उनके साथ बैठक करेंगे । बैठक के बाद वह निर्णय लेंगे की पार्टी किस तरह से यहां पर विस्तार करना है। जहां तक विधानसभा चुनाव की बात है , तो यह बैठक में ही निर्णय लिए जाएंगे कि आगे के रणनीति क्या होगी। वहीं पत्रकारों के पूछे गए सवालों पर उन्होंने गोल-मोल जवाब देते हुए कहा कि घुसपैठिए को लेकर जो सवाल उठाए जा रहे हैं, इस पर सरकार को गंभीर होनी चाहिए और जो सीमावर्ती में सुरक्षा तैनाती होती, इस पर भी कंट्रोल किया जाना चाहिए।

## पूर्व पार्षद वेद प्रकाश का दिल्ली के एम्स में इलाज के दौरान निधन

**रांची।** एम्स में इलाज के दौरान पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह का निधन हो गया। बता दें कि रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में 7 जुलाई 2024 को पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह को गोली मारी गई थी। 7 जुलाई को वेद प्रकाश सिंह पर अपराधियों ने उस वक्त हमला किया था, जब वे शाम में धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित एक चाय दुकान में बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी वहां आये। एक अपराधी पैदल ही हाथ में देशी कट्टा लिए वेद सिंह के पीछे पहुंचा और उस पर गोली चलाना शुरू कर दी। गोलीबारी में वेद सिंह को तीन गोली लगी थी। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक और धीरज मिश्रा अभी भी फरार है। हालांकि रांची पुलिस ने यूपी के गाजीपुर के रहने वाले राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर डीजीपी की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिले में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राँची के सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व झारखंड राज्य के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता, भापुसे ने किया। इस अवसर पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची, पुलिस अधीक्षक (नगर), पुलिस अधीक्षक (यातायात), पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचने पर महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।इसके पश्चात् विशेष शाखा के पुलिस सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की बीती रात हुई दुखद हत्या पर शोक प्रकट करते हुए, उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।



**वर्दी और अनुशासन संबंधी निर्देश:** महानिदेशक ने सभी पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने- अपने पुलिस प्रतिष्ठानों में हमेशा वर्दी के साथ नेम प्लेट पहनें। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस प्रतिष्ठानों में आने वाले सभी आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार करना और उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए त्वरित और विधिसम्मत कार्रवाई करना प्रत्येक पुलिस कर्मी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के प्रति पुलिस के व्यवहार में संवेदनशीलता और सहानुभूति का होना बेहद जरूरी है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि किसी को भी वर्दी की नौकरी मिलना एक वरदान के समान है और सभी पुलिस पदाधिकारी इस वरदान का सदुपयोग आम जनता की भलाई के लिए करें।

**महिलाओं की सुरक्षा**

महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए,सभी परिवहन स्थलों, जैसे कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त लाइटिंग और सीसीटीवी कैमरों की समय-समय पर जांच और निगरानी का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस कर्मियों को अधिक संवेदनशील और सतर्क रहना होगा।

**अपराध नियंत्रण के उपाय**

पूर्व अपराधियों की सूची तैयार करना, सभी थानों को पुराने अपराधियों की एक विस्तृत सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है, अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार आसूचना संकलन करने और उनकी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक दिन वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी, संपतिमूलक और संगठित अपराध पर रोकथाम, मादक पदार्थों के वितरण और खरीद-बिक्री पर पूर्ण रोकथाम के लिए जीरो टोलरेंस नीति को अपनाने का संकल्प लिया गया है। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वे मादक पदार्थों के उत्पादन, परिवहन, भंडारण, और बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी, भू-माफिया, ज़मीन दलालों को चिन्हित कर भूमि विवाद से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। एक भी असली भूमि माफिया सूची से गायब मिला तो संबंधित थाना प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए डीजीपी ने निम्नलिखित निर्देश दिए। जिले में अधिकाधिक स्थानों यथा पेट्रोल पंप मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स , अपार्टमेंट ,बैंक, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन आदि पब्लिक प्लेसेज पर सघन प्रयास कर सीसीटीवी लगाने का भी निर्देश दिया गया ।इस अवसर पर डीजीपी ने जनता से अपील की कि वे पुलिस को सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक के अंत में अनुराग गुप्ता ने जिले सभी पुलिस उपाधीक्षकों और थाना प्रभारियों को एक टीम के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आदेश दिया।

## अरविंद सिंह खुराना बने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**रांची:** भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने रांची महानगर निवासी अरविन्दर सिंह खुराना को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर अरविन्दर सिंह खुराना ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, संगठन ने जो दायित्व दिया है उसे इमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा, उन्होंने कहा कि, भारत कृषि प्रधान देश है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के लिए अभूतपूर्व कार्य कर रहे, किसानों से जुड़ी जन विकास योजना कैसे ग्रामीण किसानों तक पहुंचे इसके ऊपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। खुराना के मनोनयन रांची लोकसभा सांसद सह मंत्री भारत सरकार संजय सेठ, रांची विधायक सीपी सिंह, प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, रमाकान्त महतो, मनोज मिश्रा,रोशन शर्मा, पीयूष विजयवर्गीय, सोनू मिश्रा, दीपक सिंह, रॉकी सिंह, दलजीत सिंह, राजू सिंह,, संतोष सिंह,अमन जयसवाल, अजय मुण्डा, संतोष मिश्रा समेत अन्य ने बधाई दिया।

## पत्रकार कला मंच का दो दिवसीय नाट्य महोत्सव शुरू, पहले दिन दो नाटकों का हुआ मंचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पत्रकार कला मंच द्वारा दो दिवसीय नाट्य महोत्सव पावस तीन, चार अगस्त को सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षा गृह में आयोजित किया गया । 3 अगस्त को दो नाटकों का मंचन हुआ। मुख्य अतिथि राकेश रमण, मनोज, डा राजश्री जयंती, रांची प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। वहीं मंच द्वारा अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया । कार्यक्रम के पहले दिन रुसी लेखक अंतोन चेखोव की लिखित नाटक गिरगिट जिसका निर्देशन झारखंड फिल्म एंड थियेटर अकादमी राजीव सिन्हा ने किया। दूसरी प्रस्तुति थी नाट्यालय द्वारा भगवदज्जुकम जिसका निर्देशन एवं परिकल्पना सुकंठ ठाकुर ने किया।पत्रकार कला मंच के अध्यक्ष अमित दास, कोषाध्यक्ष मुकेश एसआरपी, सचिव संदीप नाग, संयुक्त सचिव परवेज कुरेशी, उपाध्यक्ष मृदुला, संरक्षक निलय सिंह , सदस्य संजय सिंह , उपेंद्र शंखवार, ऋषभ गौतम, मंच संचालन चंदोश्री ने किया। मौके पर रांची प्रेस क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष जय शंकर,अनिमेष, जेमनी सरकार सहित कई गणमान्य एवं रंगकर्मी गण उपस्थित थे।

**नाटक का सारांश :** ऊंचे ओहदे और परिस्थितियां किस तरह इंसान को गिरगिट की तरह रंग बदलने को मजबूर करती हैं, इसे रूसी नाटक 'गिरगिट' में दिखाया गया है। जेएफटीए के राजीव सिन्हा द्वारा निर्देशित अंतोन चेखव के नाटक 'गिरगिट' का हिंदी में मंचन किया गया।

## मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी मानवता है : रमेश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राँची में हो रही मूसलाधार बारिश को देखते हुए रांची विधानसभा में सर्जना चौक ,मेन रोड, रातू रोड के मुख्य मार्ग के समीप सैकड़ों जरुरतमंदों के बीच छाता और रेनकोट का वितरण किया गया।इस मौके पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी रमेश सिंह ने कहा की जरुरतमंद लोगों की सेवा करने से उन्हें काफी खुशियाँ मिलती है उन्होंने कहा की मै बचपन से जरुरतमंद लोगों की सेवा करता आ रहा हूं आगे भी निरंतर करता रहूँगा। रमेश सिंह ने कहा की लगातार हो रही मुसलाधार बारिश ने झारखंड सरकार, जिला प्रशासन



और राँची नगर निगम की पोल खोलकर रख दी है उन्होंने कहा की सम्बंधित विभाग स्थिति में सुधार कर रांची की जनता को राहत देने का कार्य करें, जिससे राँची की जनता राहत की सांस ले।इस मौके पर रमेश सिंह,दिलीप गुप्ता, अशोक यादव, विनय राज, सुनील साहू, नमन भारतीय,धर्मेंद्र शर्मा, सोनू दुबे, कुंदन कुमार, महेश कुमार,अंकित साह सेवा कार्य में शामिल थे।

## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में न्यायिक कार्य से दूर रहेंगे वकील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता अपने सहकर्मी गोपी कृष्णा की हत्या के विरोध में न्यायिक कार्य से अपने आप को शनिवार को दूर रखेंगे। इससे रांची सिविल कोर्ट में शनिवार को भी न्यायिक कार्य ठप्प रहेगा। रांची जिला बार एसोसिएशन के नए बार भवन के प्रथम तल पर शनिवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

इस दौरान दिवंगत अधिवक्ता गोपी कृष्णा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा। आयोजित शोक सभा में काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित हुए और घटना की घोर निंदा की।

साथ ही आरोपित को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। आयोजित शोक सभा के बाद अधिवक्ताओं ने तीन अगस्त को न्यायिक कार्य से पूरे दिन भर के लिए दूर रखने का निर्णय लिया है। शोकसभा में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, महासचिव संजय कुमार विद्रोही, अभिषेक भारती समेत काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित हुए। मौके पर बार काउंसिल के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि आज भी न्यायिक कार्य से अधिवक्ता दूर रहेंगे। इसके बाद शोक सभा का आयोजन किया गया। पांच अगस्त को काउंसिल की फिर से बैठक होगी, जिसमें आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## इस सरकार में विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका कोई भी सुरक्षित नहीं : बाउरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड की वर्तमान जेएमएम, कांग्रेस एवं राजद वाली सरकार के राज्य में न विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक की आम जनता भगवान से यह प्रार्थना करने की मजबूर है कि कब यह झुठी सरकार का राज खत्म हो और भाजपा की सरकार आये। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कही।पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की चरमराई विधिव्यवस्था पर चिन्ता जतायी। उन्होंने बताया कि दो दिन में ही राज्य में एक दरोगा अनुपम कच्छप की गोली मार कर हत्या कर दी गयी, अधिवक्ता गोपीकृष्णा की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी वहीं एक जनप्रतिनिधी वेद प्रकाश का निधन आज हो गया, जिन्हे कुछ दिन पहले अपराधियों ने गोली मार दी थी। नेता प्रतिपक्ष ने चिन्ता जताते हुए कहा कि राज्य में अभी तक इस सरकार के कार्यकाल में 7000 से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया। यहां की सरकार आदिवासी छात्रों पर लाठियां चलवाने से भी परहेज नहीं कर रही क्यों कि उन्हें राज्य में बंग्लादेशी घुसपैठियों के लिए जगह तैयार करनी है। वहीं हर दिन 5 हत्याएं राज्य में हो रही है, लेकिन लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कार्यकाल के सदन के अंदर अपने अंतिम भाषण में विधिव्यवस्था पर एक शब्द तक नहीं कहा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार के मुखिया का सदन के अंदर का भाषण उनके अंदर की कुंठा से प्रेरित रहा। इस सरकार ने पिछले पांच वर्ष में राज्य का बालू, खनिज, पहाड़, जमीन आदि को लूटने का काम किया। जब विपक्ष ने सदन के अंदर सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल और चुनाव पूर्व वादे पर जवाब मांगा तो विपक्ष के 18 विधायकों को पहले तो निलंबित कर दिया और जब विधायकों ने अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाया तो सदन से जबरन बाहर करने का काम किया। संवाददाता सम्मेलन में योगेन्द्र प्रताप सिंह, सह मीडिया प्रभारी, तारिक इमरान, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## घरों में कैद लोगों के लिए पानी और बिजली की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करें : सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महज एक दिन की बारिश में पूरी रांची जलमग्न हो गई। रांची शहर में हर तरफ पानी ही पानी है। इस बारिश और पानी के बीच सुबह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहा हूं। हर तरफ की स्थिति बहुत भयावह हो चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने मोहल्लों के लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि दुस्खद आश्चर्य इस बात का है कि राहत देने के लिए सरकार-प्रशासन के पास कोई तैयारी नहीं है। रांची के सैंकड़ों परिवार अपने-अपने घरों में कैद हैं। इस दौरान बांधगाड़ी की स्थिति बहुत भयावह दिखी। अपार्टमेंट और सोसाइटीज में रहने वाले सैकड़ो परिवार घरों में बंधक बने हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दो दिन से कई मोहल्लों में बिजली-पानी नहीं है। सब त्राहि त्राहि कर रहे हैं। मौके पर से ही मंत्री ने रांची के उपायुक्त और नगर निगम के आयुक्त से बात कर अविलंब राहत पहुंचाने का निर्देश दिया। अधिकारियों से मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। उससे पहले बच्चों व महिलाओं के खाने की व्यवस्था करें। इनके लिए पीने के पानी की व्यवस्था करें। रांची की ऐसी भयावह स्थिति आज से पहले देखने को नहीं मिली थी। प्रशासन सजगता से कार्य करे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने भीषण बारिश के कारण रातू क्षेत्र में एनएच-75 के मुरगू पुल के बहे हुए डायवर्सन का भी निरीक्षण किया। इसके बहने से पलामू, यूपी सहित बड़े क्षेत्र का संपर्क रांची से टूट गया है। आज सुबह उक्त स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से बात की। मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों



को तलब किया। उन्होंने कहा कि 24 ह्यूम के पाइप की बनावट इतनी कमजोर रही कि यह पूरा बह गया। 25 फीट से अधिक गड्ढे हो गए हैं। पानी का बहाव बहुत तेज है। मंत्री ने अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर इसे ठीक करते हुए, चालू करने का निर्देश दिया।

## मोहम्मद रफ़ी और किशोर कुमार के सम्मान में एक विशेष संगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आईफा इंटरनेशनल और रांची म्यूजिकल ग्रुप सहयोग आवन एवियशन सेंटर द्वारा शनिवार को आयोजित मो रफी और किशोर कुमार संगीत समारोह का आईफा इंटरनेशनल रांची के कार्यलय में हुआ। आईएफए इंटरनेशनल ने दो महान भारतीय संगीतकारों, मोहम्मद रफी और किशोर कुमार, के सम्मान में एक विशेष संगीत समारोह का आयोजन किया गया। आईफा इंटरनेशनल रांची । मो रफी तथा किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों का लाइव प्रदर्शन हुआ। गायकों ने मिलकर इन महान कलाकारों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मोहम्मद साबिर हुसैन ने महान गायक, मोहम्मद रफ़ी और तथा किशोर कुमार की लाइफ पेंटिंग सभी दर्शकों के सामने बनाया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अरशद ऊबद,एनुअल हक तथा सभी मेंबर रांची म्यूजिकल ग्रुप के थे । मुख्य अतिथि के रूप में जसवंत बारला,नागवंशी , ओमप्रकाश मिश्रा (मुंबई कलाकार ) गण व्यक्ति उपस्थित थे ।

## कैलाश की करूणा का जत्था रांची से देवघर के लिए रवाना

**रांची।** समाज सेवी नन्द किशोर सिंह चंदेल जी ने त्रिशूल एवं अंग वस्त्र देकर जत्था को रवाना किया साथ में उपस्थित अमन ठाकुर। रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा का सामूहिक अभिषेक किया। कॉवरियों का जत्था सुलतानगंज से गंगाजल लेकर देवघर के लिए 105 किलोमीटर की दूरी नंगेपांव पैदल तय करेगी। जत्था का नेतृत्व करनेवाले कैलाशी अरविन्द सिहं कौशल के साथ अवधेश कुमार, उदय सिंह, धर्मेन्द्र पाठक, संजीव मिश्रा, शशि भूषण कौशिक, शिव पूजन महतो, अजय सोनी, राजा सिंह, सुमित यादव, रवि कुमार गुप्ता सहित 11 कॉवरियां शामिल हैं।

## डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मृतक वकील के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता सुखदेवनगर थाना के पीछे महुआ टोली में सिविल कोर्ट के वकील गोपाल कृष्ण उर्फ गोपी बाबू हत्या के दूसरे उनके परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे थे। मृतक गोपी की मां, पत्नी से काफी देर तक बातचीत की। उन्हें अपराधियों के जल्द से गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। इस दौरान डीजीपी ने परिजनों से कारण जानने का भी प्रयास किया, लेकिन घरवालों को इससे संबंधित कोई जानकारी नहीं होने के कारण कुछ बता न सकें। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मौके पर पत्रकारों से कहा कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पूरी टीम जांच में



जुटी है। तकनीकी शाखा भी सुराग ढूंढ रही है। अपराधियों की पहचान हो गयी है। उनका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उम्मीद है जल्द अपराधी रांची पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इससे पूर्व शुक्रवार को हत्या के बाद एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी अनुसंधान करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। बता दें कि शुक्रवार की सुबह सिविल कोर्ट के वकील गोपी कृष्णा बाबू की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम प्रयासरत है। ऐसा है कि राज्य के डीजीपी पहली बार किसी मृतक के घर पहुंच कर उनके परिजनों से मिल रहे हैं। इससे पहले के डीजीपी आपने ऐसी वाले कमरे में बंद होते थे और वहीं से दिशा निर्देश जारी करते थे , लेकिन उस मिथ्या को डीजीपी अनुराग गुप्ता तोड़ते नजर आ रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि वह इस मुहिम को आगे कहां तक ले जाते हैं। अपराधी को कंट्रोल करने में कितना सफल होते हैं।

# दफादार चौकीदार पंचायत ने दिया 25 घंटे का अल्टीमेटम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष प्रर्दशन करते हुए राज भवन और मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए आगे बढ़ाने की तैयारी में तभी रांची पुलिस को सूचना मिली तो ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल सीटी डीएसपी के रमन राजु डीएसपी अरविंद कुमार सिली डीएसपी रणवीर सिंह सदर डीएसपी संजीव सहित चुटिया लोअर बाजार कोतवाली गोंडा रातू सुखदेव नगर के थाना प्रभारी भी राजभवन स्थित पहुंचे। सभी को समझो बूझकर वहीं पर रोक दिया गया। झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि महान समाजवादी नेता, मंडल आयोग के जनक व्यापक संघर्ष के प्रतीक और चौकीदार-दफादारों के उद्धारक दिवंगत राम अवधेश सिंह, पूर्व सांसद की स्मृति दिवस के अवसर पर झारखण्ड राज्य चौकीदार-दफादार पंचायत द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राजभवन (जाकिर हुसैन पार्क के



पास रांची के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पुनः शुरू कर दिया है। हम लोग सरकार से लगातार मांग कर रहें हैं। हमारी मांगे पूरी करें नहीं तो पच्चीस घंटे बिंद उग्र आंदोलन किया जायेगा।

**हमारी मुख्य माँगें :** सेवा विमुक्त चौकीदार एवजी चौकीदारों और अनुकम्पा के आधार पर (सरकारी नियमानुसार आवेदन देने का पाँच वर्ष का समय पूरा नहीं हुआ है) रिक्त पदों पर जिन-जिन जिलों में विज्ञापन निकाला गया है. इसको तत्काल रद्द किया जाए और अन्य जिलों में विज्ञापन निकालने पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया जाए। सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा मेयोगदान कत्राने हेतु सगी उपायुक्तों को निर्देश दिया जाए।1 जनवरी, 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत चौकीदार-दफादारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने का आदेश सभी उपायुक्तों को दिया जाए।सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने और 01 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत चौकीदार दफादार घटवार-दिगवार और सरदारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद-16(4) की भावना के जालोक में तत्काल अध्यादेश जारी किया जाए या ग्राम चौकीदार (संशोधन) विधेयक 2022 पारित किया जाए।इस मौके पर विभिन्न जिलों के चौकीदार जुटे हुए थे।

## युवा आजसू रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन चार को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में रविवार को रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में रांची महानगर के विभिन्न वार्ड के युवा आजसू के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

मौके पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो सभी प्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही आगे के कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा भी होगी। रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद सुदेश कुमार महतो पार्टी कार्यालय, बुंडू में आयोजित मिलन समारोह में शामिल होंगे। इस मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में पूर्व अभियंता सिंगराय टूटी अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

# आफत की बारिश ने पिपरवार कोयलांचल में मचाई तबाही

## दामोदर और सपही नदी मे आई बाढ़, कल्याणपुर में डायवर्सन बहा, आवागमन हुआ बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों तक हुई जोरदार बारिश के बाद कई जगहो पर भारी नुकसान हुआ है।आफत की बारिश ने कई जगहो पर तबाही मचायी है।जोरदार बारिश और आंधी तूफान के कारण कोय्लांचल क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर कई विशाल पेड़ धारासायी हो गया,जिसके कारण कई जगहों पर बिजली पोल और बिजली तार टूटकर सड़क पर गिर गया है।वही नदियों में बाढ़ आने से कई जगहों पर पुल पुलिया और डायवर्सन बह गया,जिसके कारण आवागमन भी बाधित हो गई।मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दो दिनों से हो रही जोरदार बारिश के बाद शुक्रवार की देर रात को बचरा दामोदर नदी और बचरा सपही नदी में बढ़ आ गया।इन दोनों नदियों में पानी का तेज बहाव होने के कारण बचरा सपही नदी के छलटा पुल और दामोदर नदी के टेढ़ी पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण उक्त मार्ग पर लोगो का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया।वही राय छलटा पुल में बाढ़ आने के बाद सीसीएल के अशोक परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक होने वाली कोयले की ढुलाई बंद हो गई।वही पुल निर्माण के लिए रखे गए कई सामान बाढ़ में बह गया।इधर पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर-बहेरा मुख्य मार्ग पर बनाये गये डायवर्सन बह जाने के कारण आवागमण बन्द हो गया है।बताया गया कि पांच साल पूर्व यहां पुल बनाने का काम चालु किया गया था,जिसके लिए फूलों के बगल से डायवर्सन बनाया गया था,जिससे लोगों का आवागमन होता था,लेकिन पांच साल बीत जाने के बावजूद पुल नहीं बनने के बाद बीती रात हुई जोरदार बारिश के कारण उक्त डायवर्सन बह गया,जिसके कारण यहां आवागमन बंद हो गया है।इधर बारिश के कारण कोयला खदान में कोयला खनन का कार्य प्रभावित रहा।कोयला खदान में बड़े एवं भारी मशीनों का परिचालन बंद रहा।वही ट्रांसपोर्टिंग कार्य पर भी बारिश का असर देखने को मिला।दो दिनो की इस बारिश के बाद पुरा कोयलांचल क्षेत्र पानी-पानी हो गया है।इधर भारी बारिश के कारण झारखंड सरकार के निर्देश पर शनिवार को कोयलांचल क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल बंद रहा।दामोदर और सपही नदी मे बाढ़ आने के बाद यहां बाढ़ देखने के लिए बच्चों और उनके अभिभावको की भीड़ दिन भर नदियो के पास देखी गई।बाढ़ आने के बाद दोनों नदियों के पुल को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है।दामोदर नदी मे बाढ़ का भयावह नजारा देखने को मिला।वही कारो गहरी नदी और बुण्डु के दामोदर नदी का भी जल स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण नदी के अगल-बगल रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा रहा है।

## भारी बारिश से दर्जनो जगहो पर गिरा पेड़, 24 घंटे ठप रही बिजली



सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों तक हुई भारी बारिश के कारण कई जगहों पर जमकर तबाही मची है। जानकारी के अनुसार जोरदार बारिश और तेज हवाओं के कारण कोयलांचल क्षेत्र के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों के दर्जनों जगहों पर विशाल पेड़ टूट कर सड़क पर गिर गया, जिसके कारण कई जगह पर मार्ग अवरुद्ध भी हो गया।वहीं कई जगह पर पेड़ बिजली के तार और पोल पर टूटकर गिर गया,जिसके कारण ग्रामीण इलाकों सहित आवासीय कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।बचरा चार नम्बर चौक स्थित सब्जी मंडी व आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प के पास सड़क पर पेड़ गिरने से बचरा सब्जी मंडी से लेकर बचरा झुला पुल तक आवागमण बन्द हो गया।जिसके बाद लोगो का आवागमण बचरा अस्पताल होते बाजारटांड़ बिशुझापा के रास्ते आवागमण चालु किया गया।वही डीएवी स्कूल के बगल एक विशाल पेड़ स्कूल के शिक्षक फिरोज आलम के आवास पर गिर गया।जिसमें शिक्षक फिरोज आलम सहित उनके परिवार के सदस्य बाल बाल बच गया।इधर बचरा बसंत विहार कॉलोनी,टीएच कालोनी,अशोक विहार कॉलोनी,सीआईएसएफ कॉलोनी सहित कई कॉलोनी के मुख्य द्वार पर भी पेड़ टूट कर गिर जाने से मार्ग घंटो अवरूध रहा।इधर पिपरवार एरिया प्रबधंन के निर्देश पर सिविल विभाग के द्वारा सड़क पर गिरे पेड़ को हटाया।वहीं विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के द्वारा सभी जगह पर बिजली तार को ठीक किया गया,जिसके बाद देर रात को आवासीय कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।

## भारी बारिश के कारण कई लोगों के घरों में घुसा पानी



सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश के कारण बचरा एक नंबर के कई लोगों के घरों में पानी घुस गया। मिली जानकारी के अनुसार बचरा एक नंबर स्थित ड्रेन के जाम होने के बाद बीती रात अगल-बगल कुल पांच लोगों के घरों में पानी घुस गया। पानी घुसने के बाद घर के सभी सदस्य किसी तरह से जान बचाकर बाहर निकले।बताया गया कि ड्रेन जाम होने के बाद आजसु नेता बिनोद सिंह के आवास में पानी घुस गया,इसके बाद घर के सभी सदस्य किसी तरह से बाहर निकाल कर दूसरे लोगों के घर में शरण लिया। इस संबंध में विनोद सिंह ने बताया कि घर के बगल सीसीएल प्रबंधन द्वारा बनाया गया ड्रेन तेज बारिश के कारण जाम हो गया।इसके बाद लोगों के घरों में पानी घुस गया।उन्होंने कहा कि घर में पानी घुसने के बाद घर में रखे कई सामान बर्बाद हो गया।जिसमे लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।वही मो.इरफान,मो. जाफर,मुंगेरी लाल,जगमोहन महतो के घर में भी बारिश का पानी घुस गया।शनिवार की सुबह उक्त सभी लोगो के द्वारा जमकर हंगामा किया गया।इसके बाद इसकी सूचना पाकर पिपरवार क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर सिविल विपिन कुमार,सिविल इंजीनियर शुभम कुमार सहित सिविल विभाग के कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली,साथ ही ड्रेन की सफाई कराने का काम शुरू कराया।

## पिपरवार के विभिन्न पंचायतो मे मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लगा शिविर



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के द्वारा शुरू किए जाने वाले मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर पिपरवार क्षेत्र के कई पंचायतो में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।जानकारी के अनुसार बचरा उत्तरी पंचायत के बचरा पंचायत भवन और बचरा मिडिल स्कूल में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया।झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया।इस शिविर में पंचायत की कुल 565 महिला लाभुकों ने अपना अपना आवेदन को जमा कराया।इस संबंध में गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि इस योजना के आने से पंचायत की महिलाओं के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिल रहा है।शिविर मे काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गई। शिविर को लेकर महिलाएं उत्साह के साथ कैम्प मे पहुंचकर अपना आवेदन को जमा कर रही है।उन्होंने पंचायत की सभी महिलाओं से शिविर का लाभ उठाने की अपील की।इस मौके पर प्रज्ञा केंद्र के संचालक धीरज कुमार महतो,आलोक कुमार, सेविका कलावती देवी,किरण देवी,शांति देवी,बाला कुमारी, ललिता देवी,उगनी देवी, अन्नपूर्णा देवी,चंदा देवी, संगीता देवी,कौशल्या देवी, गीता देवी,पुनीता देवी,रंजू देवी,पूजा देवी,नैना देवी,संजू देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। इधर पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत भवन मे भी मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर कैम्प लगाया गया।बेंती पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।इस मौके पर बेंती के जनसेवक मो. इमरान, मुखिया पति गणेश भुईयां, अरुण पासवान,आंगनबाड़ी सेविका उर्मिला देवी,अजय प्रजापति,एजाजुल अंसारी, दिलीप प्रजापति,रोहित साहू, सिकेंद्र प्रजापति,उमेश प्रजापति,गोलू केशरी,भरत गंझु,चमन गंझू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## काउंसिल के प्रतिनिधियों ने की पिपरवार जीएम के साथ बैठक, कई बातों पर हुई चर्चा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्पलाई को-आर्डिनेशन काउंसिल पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी और पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार के बीच परिचय बैठक संपन्न हुई।बैठक में काउंसिल के क्षेत्रीय सचिव रतन लाल के नेतृत्व मे और सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन की उपस्थिति में काउंसिल के प्रतिनिधियों ने फूलों का गुलदस्ता,शॉल,और मोमेंटो देकर नए जीएम संजीव कुमार का स्वागत किया।इसके बाद सभी प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया।बैठक के दौरान काउंसिल के द्वारा एससी एसटी ओबीसी से जुड़े विभिन्न समस्याओं जैसे आरक्षण,प्रमोशन,रोस्टर बैकलॉग,कार्यालय आवंटन, वेलफेयर,सीएसआर, विस्थापन एव कोयला उत्पादन लक्ष्य हासिल करने व नई परियोजना अशोका वेस्ट और मंगरदहा भूमिगत खदान को जल्द खोलने जैसे मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाया।जिस पर महाप्रबंधक ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन देते हुवे कहा कि काउंसिल के मांगो पर प्रबंधन गंभीर है और जल्द ही परिणाम देखने को मिलेंगे।मजदूरों का कल्याणकारी कार्य पर संबंधित विभाग प्रमुख को दिशा निर्देश दिए गए।नई परियोजनाओं को खोलने हेतु तेजी से प्रयास किए जा रहा है।इस मौके पर प्रबंधन की से एसओ सिविल बिपिन कुमार,एसओ ईएंडएम जेएन दत्ता, एलएंडआर प्रमुख मोहन लाल सिंह,संपर्क अधिकारी रवि बारा और काउंसिल की और से इकबाल हुसैन,रतन लाल,रामचंद्र उरांव,रामेश्वर भोगता,इम्तियाज अंसारी, दिलनवाज अंसारी,मो. जुल्फान,बीरेंद्र महतो,आनंद कुमार,शंभू राम,सुखदेव राम, रोशन गुप्ता,रमेश चौहान राहुल राम,मथुरा मंडल, मुकेश गंझु,मो.अनवर, मो.कलाम,बाबूलाल टाना भगत,बीरू मुंडा,सूरज मुंडा आदि लोग मौजूद थे।

## बारिश से बेड़ो का जनजीवन अस्त व्यस्त, कई कच्चे घर गिरे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रहे बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से कई कच्चे मकान गिर गये, नदी, तलाब, कुंआ व खेतों में पानी भर गये हैं। प्रखंड के कराँजी गांव में शमीम मियां, अयुब अंसारी के घर गिर गया। अयुब अंसारी के घर का दिवार गिरने से घर में बंधे दो बकरी दबकर मर गई। परिवार के सदस्य घर से भागकर जान बचाए। वहीं सुरेश उराँव और असलम अंसारी के मकान का दिवार भी गिर गया। खबर मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान पीड़ित परिवार से मिले और मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। तुतलो पंचायत के कोटपाली गांव निवासी बुचनु लोहरा और रिझु एक्का का मकान बारिश से गिर गया। तुतलो पंचायत के मुखिया गंगी कुमारी ने मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। इधर पुरियो पंचायत सेमरा गांव के बुधराम उरांव, और पुरियो गांव के सलमी टोप्पो, सुषमा देवी का घर गिर गया। पंचायत के मुखिया निरज कुजूर ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बांधे और बात कर मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। वहीं चचकोपी पंचायत के चनगनी गांव निवासी जगे लकड़ा और चचकोपी गांव के जेयारत मलिक का घर गिर गया।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के फार्म भरने के लिए पंचायत सचिवालय भवन में महिलाओं की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय भवन में शनिवार से मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के आवेदन के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। आवेदन सीएससी वीएलई द्वारा किया जा रहा है। जहां पंचायत सेवक को प्रभारी बनाया गया है वहीं बालविकास परियोजना पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी और आंगनबाड़ी प्रवेक्षकों को प्रवेक्षक बनाया गया है।

बीडीओ राहुल उराँव ने बताया की सभी पंचायत भवन में 03 अगस्त से 10 अगस्त तक मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का आवेदन जमा लिया जाएगा। इस योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओ को झारखंड सरकार एक हजार रुपए प्रति माह देगी। उक्त योजना के लिए निशुल्क आवेदन आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा उपलब्ध कराया जाना हैं। इस मईया सम्मान योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष तक बहू बेटियों में खुशियों की लहर देखी गई वही शिविर में आपस में चर्चा करती नजर आई के झारखंड का पहला मुख्यमंत्री है जो महिलाओं और बहू बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। इधर मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय बेड़ो में सीएससी संचालक शाहिद अंसारी, खालिद अंसारी, स्नेहलता किस्पोट्टा, आकिब जावेद, पंचायत सेवक अमीत केरकेट्टा व आंगनबाड़ी सेविका ने योगदान दिया।

## भारी बारिश से घर क्षतिग्रस्त, पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे डॉ. परमेश्वर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम चटवल में अफजल अंसारी का बीते दिन भारी बारिश होने के कारण घर गिर गई। खबर मिलते ही पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। डॉ परमेश्वर भगत ने तत्कालीन वरीय पदाधिकारी से बात किए और प्रामर्श किए की पीड़ित परिवार को आपदा से संबधित प्रत्येक योजना में प्रथमिकता देते हुए उपलब्ध कराया जाए जिसमे विशेष कोटा से अबूवा आवास/ आपदा से संबधित मुआवजा प्रदान किया जाए।

## कर्रा प्रखंड के 19 पंचायत में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान, योजना का हुआ शुभारंभ



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के 19 पंचायत में शनिवार को झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लाभ पहुंचाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया. कर्रा पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना कार्यक्रम का बीडीओ स्मिता नगेशिया, बीस सूत्री उपाध्यक्ष शेख फिरोज, कर्रा पंचायत मुखिया रश्मि लकड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कार्यक्रम के दौरान सभी पंचायत भवन? में प्रज्ञा केन्द्र संचालकों अपने सिस्टम के साथ मौजूद रहे जिसमें? गांव? 21 वर्ष से 50 वर्ष तक बहू बेटी आवेदन के साथ पंचायत सचिवालय पहुंचकर आवेदन? भरा गया. शिविर के दौरान बीडीओ स्मिता नगेशिया बताई कि यह कार्यक्रम अभी 3 अगस्त से 10 अगस्त तक चलेगा. जिसमें आप सभी आवेदन जमा कर सकते हैं . दूसरे योजना से पेंशन पा रहे लाभुक, सरकारी योजना में कार्यरत परिवार के सदस्य को योजना का लाभ नहीं मिलेगा. आंगनबाड़ी केन्द्रों आवेदन फार्म उपलब्ध है जिसका नि~शुल्क वितरण किया जा रहा है आवेदक पंजीकरण कराकर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं. पहले दिन प्रज्ञा केन्द्र संचालकों को ऑनलाईन इंट्री करने दिक्कतों समाना करना पड़ा जिससे आवेदन आवेदन के साथ वापस लौट गये है सभी को दूसरे दिन आकर आवेदन का ऑनलाईन इंट्री करने को कहा गया है. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी जगहों पर मुखिया, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य व आंगनबाड़ी सेविका मुख्य रूप से अपना योगदान दे रही है।

## अंबाझरिया गांव के चौकीदार की मौत पर गांव में पसरा सन्नाटा



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंबाझरिया गांव के चौकीदार देवी चरण लोहरा का निधन हो गया। थाना प्रभारी चमरा मिंज ने बताया कि चौकीदार चार दिनों से बीमार थे। जिनको परिजनों ने इलाज के लिए रांची के निजी क्लिनिक में ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद थाना परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी थाना कर्मी ने उक्त व्यक्ति की मौत पर दुख जताया। वही उनके गांव के लोगों में शोक की लहर है। थाना प्रभारी ने कहा कि चौकीदार के परिजनों के प्रति पूरी सहानुभूति है। मौके सचिन लकड़ा सतेंद्र सिंह सुरेंद्र मुंडा सरजू राय जगदीश महतो तुलसी दास उरांव अघणु मुंडा सुकरा उरांव मैनी देवी गुरुचरण उरांव उपस्थित थे ।

## जेबीकेएसएस की बैठक कल बचरा में

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में सोमवार पांच अगस्त को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेबीकेएसएस की एक आवश्यक बैठक सुबह 11~30 बजे से आयोजित की गई है।इसकी जानकारी देते हुए जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य बबलू सागर मुंडा ने बताया कि इस बैठक मे हजारीबाग जिला कमेटी, बड़कागांव प्रखंड कमेटी, केरेडारी प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल होगे। उन्होंने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों से इस बैठक में शामिल होने की अपील की है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फिर से बुकिंग शुरू की



**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 1 अगस्त 2024 से इनोवा हाइक्रॉस जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) मॉडल के लिए बुकिंग फिर से शुरू करने की घोषणा की है। लॉन्च (नवंबर 2022) के बाद से इनोवा हाइक्रॉस को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, इसे एक एसयूवी के आकार और एमपीवी की विशालता के साथ इसके अनुपात के लिए सराहा गया है। बहुमुखी इनोवा हाइक्रॉस, जो सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वैरिएंट [एसएचईवी] के साथ-साथ गैसोलिन रूपांतर में उपलब्ध है, अपने ग्लैमर कोशंट, उन्नत टेक्नालॉजी, आराम, सुरक्षा सुविधाओं और ड्राइव करने के रोमांच के लिए मशहूर है। भारी मांग के कारण, टॉप एंड ग्रेड की बुकिंग को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। इस अवधि में, इनोवा हाइक्रॉस के अन्य ग्रेड, हाइब्रिड और गैसोलिन दोनों के लिए बुकिंग निरंतर जारी रही।

## वैस्कुलर रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जमशेदपुर में वॉकथॉन आज

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया, टाटा स्टील के सहयोग से, रविवार, 4 अगस्त, 2024 को राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस के अवसर पर जमशेदपुर में वॉकथॉन का आयोजन करेगी, ताकि वैस्कुलर रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस वर्ष वॉकथॉन का विषय अंगविच्छेदन मुक्त विश्व है। यह कार्यक्रम पूरे भारत में 34 शहरों में वैस्कुलर रोगों के बारे में व्यापक जागरूकता लाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। जमशेदपुर इस उद्देश्य के समर्थन में पहली बार वॉकथॉन की मेजबानी कर रहा है। वॉकथॉन सुबह 6 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मुख्य द्वार के पास से शुरू होगा और 2.5 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। टाटा स्टील में कॉर्पोरेट सर्विसेज के वीपी चाणक्य चौधरी कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाएंगे। अभी तक 280 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। टाटा स्टील में मेडिकल सर्विसेज के महाप्रबंधक और वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सदस्य डॉ. सुधीर राय ने कहा, इस वॉकथॉन के आयोजन से, हम लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की उम्मीद करते हैं। परिधीय धमनी रोगों का समय पर पता लगाने और समय पर उपचार से अंग विच्छेदन को रोका जा सकता है। भारत में सभी विच्छेदन का 40-50 फीसदी संवहनी रोगों की जटिलताओं के कारण होता है। जोखिम कारकों में धूम्रपान, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल शामिल हैं।

## कुष्ठ उन्मूलन व पल्स पोलियो को लेकर प्रखंड समन्वय समिति की हुई बैठक



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में घर घर कुष्ठ रोगी का पहचान हेतु कुष्ठ रोग खोज अभियान को सफल बनाने एवं राष्ट्रीय पोल्स पोलियो टीकाकरण को सफल बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम व पोल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को सफल बनाने को लेकर समन्वय समिति के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं शत प्रतिशत कुष्ठ रोगी का खोज व 0 से 5 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों को पोल्स पोलियो का खुराक पीलाने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के निर्देशानुसार 28 अगस्त से 13 सितम्बर तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान घर घर चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड, अंचल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, एएनएम,जीएन एम, जेएस एलपीएस कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि आदि सामिल होगे। बैठक में अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी डा0 अनुपम घोषाल, प्रखंड लेखा प्रबंधक रोशन कुमार झां , बीपीओ नीपेन प्रधान,महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्रि, जया पांडे , एनजीओ के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## पातकुम में जन समाधान केंद्र का हुआ उद्घाटन



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पातकुम में जन समाधान केंद्र का पातकुम पंचायत के मुखिया राखो हरी सिंह मुंडा के हाथों फीता काट कर उद्घाटन किया गया। जन समाधान केन्द्र के माध्यम से समाजिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। वहीं समाज सेवी खगेन महतो ने कहा कि हर चौक चौराहों पर जन समाधान केन्द्र खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे कर्म भूमि के हर एक लोगों तक मदद पहुंचे,यहीं मेरा सर्वप्रथम प्राथमिकता रहेंगी। मौके पर पूर्व उप मुखिया चंडी चरण यादव, दीनू मंडल, लाल सिंह मुंडा, पपू सिंह मुंडा, चट्टू अंसारी, माणिक मंडल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## राज्य सरकार का हृदय परिवर्तन हेतु चर्च में किया गया प्रार्थना



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय परिसर पर विगत 22 जुलाई से झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ( समाहरणालय संवर्ग) सरायकेला खरसावां जिला इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्य अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है। शनिवार को हड़ताल के 13 वें दिन भी ये हड़ताल में रहे। हड़ताल के बावजूद राज्य सरकार द्वारा इनके समस्या समाधान हेतु कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से इनमे नराजगी है। संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया, पहली अगस्त से राज्य सरकार का हृदय परिवर्तन हेतु हृदय परिवर्तन सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रार्थना कार्यक्रम में संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार, सचिव मालिंद्र नाथ पारित सहित ओमप्रकाश सिंह, सतीश महतो, राजेश महापात्र, महेश मुंडा, कामेश्वर पड़ीहारी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला मंच की महिलाओं ने अमूल फैक्ट्री में लगाये 60 फलदायक पौधे



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा की 45 महिलाओं ने चौका स्थित अमूल फैक्ट्री का विजिट कर अमूल दूध, छाछ, लस्सी, दही तथा आइसक्रीम आदि प्रोडक्ट कैसे तैयार किया जाता है कि विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए कंपनी परिसर में फल और छायादार 60 पौधारोपण किया गया। अमूल दूध फैक्ट्री प्रोपराइटर कमल सिंघानिया तथा पीयूष मेहता ने पूरी फैक्ट्री में महिलाओं को घूमाया और प्रोडक्ट निर्माण की एक-एक प्रक्रिया को बारीकियों से समझाते हुए जानकारी दी। कंपनी विजिट के दौरान सुनीता सिंघानिया, रानी अग्रवाल, जया डोकानिया, लता अग्रवाल, मंजू खंडेलवाल, प्रभा पाडिया, बिना खिरवाल, सीमा जवान पुरिया, मीना अग्रवाल, मंजू मुसद्दी, ललिता सरायवाला, कंचन खिरवाल, बबीता भावसिंहका, गीता मुरारका, बबीता केड़िया, मीरा अग्रवाल, निशा नागेलिया, पुष्पा संघी आदि शामिल थी।

# हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं संदेश के साथ एसएसपी ने किया सेफ्टी बोर्ड जारी

### *रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट (आरसीजेडब्ल्यू) ने जमशेदपुर पुलिस के सहयोग और कोल्हान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन, टाटा स्टील. यूआईएसएल (पुराना नाम जुस्को), रोट्रैक्ट क्लब ऑफ करीम सिटी कॉलेज और रोट्रैक्टर्स ऑफ जमशेदपुर के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही सेफ्टी बाइक रैली निकाली गयी। यह कार्यक्रम शनिवार की सुबह साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसएसपी किशोर कौशल ने दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर उन्होंने हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं संदेश के साथ सेफ्टी बोर्ड जारी किया, जिसे जमशेदपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर लगाया जाएगा। इस दौरान यातायात डीएसपी संजय कुमार ने रोट्रैक्टर्स सहित छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता लाने के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया और पुरस्कार वितरित किए। करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रियाज ने सभी के जीवन में सुरक्षा के महत्व पर सभा को संबोधित किया। कोल्हान पेट्रोलियम डीलर संघ के संरक्षक रोटेरियन अशोक झा ने जमशेदपुर पुलिस की सभी सुरक्षा पहलों का समर्थन करने का वचन दिया। कोल्हान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन इस परियोजना के प्रमुख प्रायोजक थे। रोटरी जमशेदपुर वेस्ट अध्यक्ष अमित मुखर्जी ने अतिथियों का स्वागत किया। रोटेरियन पीपी अंजनी निधि ने समस्त कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. उद्धम सिंह ने रोट्रैक्ट क्लब ऑफ करीम सिटी के सदस्यों का मार्गदर्शन किया और कार्यक्रम के आयोजन में असीम सहयोग दिया। रोट्रैक्ट डीआरआर रिंकू कुमार और रोट्रैक्ट प्रशांत कुमार ने रैली के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोटेरियन अशोक झा ने धन्यवाद दिया।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के शिविर में उमड़ा महिलाओं का हजुम, विधायक ने लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़/तिरुलडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालयों में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का आवेदन जमा करने के लिए महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। विधायक सविता महतो ने भी क्षेत्र के दर्जनों पंचायतों में लगे शिविर का जायजा लिया व लोगों को झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी महिलाओं का सम्मान में किया गया इस योजना का शत प्रतिशत महिलाओं को लाभ लेने के लिए आवेदन करने का अपील किया। पंचायत सचिवालयों में सुबह से ही आवेदन आनलाइन करने के लिए लम्बी कतार लग गई। जल्दी आओ जल्दी पाओ के तर्ज पर महिलाओं की अपनी आवेदन प्रपत्र आनलाइन कराने का होड़ मची रही। प्रति पंचायत सचिवालय में एक एक आपरेटर रहने से कहीं ढाई सौ तो कही तीन सौ तक ही आवेदन आनलाइन किया गया। बीच में सर्वेयर डाउन रहने के चलते आनलाइन प्रक्रिया को बंद कर पंचायत सचिवों द्वारा आवेदन जमा लेकर अगले दिन के लिए क्रमवार कर रखा गया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह महिलाओं के सम्मान में किया गया बहुत ही सराहनीय योजना है। मौके पर मुखिया लक्ष्मी देवी, पंचायत सचिव अशोक कुमार मंडल , पंसस अरुण महतो, हरेंद्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना फॉर्म की बिक्री करने वालों पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई

- ▶ फॉर्म निःशुल्क उपलब्ध, आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका से करें संपर्क
- ▶ ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने हेतु https://www.jharkhand.gov.in/wcd क्लिक करें




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का फॉर्म आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका के माध्यम से सुयोग्य लाभुकों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है । लाभुकों से फॉर्म के लिए किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली जानी है । कतिपय स्थानों से शिकायत प्राप्त हो रही है कि फॉर्म के लिए लाभुकों से पैसे मांगे जा रहे हैं । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल द्वारा दोषियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया गया है । सभी प्रखंडों में पर्याप्त संख्या में योजना से संबंधित फॉर्म उपलब्ध कराकर संबंधित आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका को निःशुल्क फॉर्म वितरण के लिए निर्देशित किया गया है। आमजनों से अपील है कि आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका से ही निःशुल्क फॉर्म प्राप्त करें, किसी बिचौलिये के माध्यम से पैसे देकर फॉर्म नहीं खरीदेंट्ठ। कोई भी व्यक्ति फॉर्म के लिए पैसा की मांग करता है तो तत्काल अपने प्रखंड के बीडीओ और सीओ को सूचित करें, ऐसे लोगों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी । यह फॉर्म ऑनलाइन भी डाउनलोड किया जा सकता है। https://www.jharkhand.gov.in/wcd इस लिंक को क्लिक करने पर महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार का अधिकृत वेबसाइट खुलेगा। वेबसाइट के अंदर हरे पट्टी में IMPORTANT लिखा हुआ आएगा जिसे दोबारा क्लिक करने पर फॉर्म खुल जाएगा।

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का मंत्री समेत विधायकगण ने कैम्प का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखण्ड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों/माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दिया जाएगा । उक्त योजना के सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु जिला अंतर्गत 231 पंचायत एवं चार नगर निकायों के 24 स्थानों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। उक्त सभी स्थानों में विशेष कैम्प 10 अगस्त तक प्रतिदिन लगाये जाएंगे। शाम 06 बजे तक सभी प्रखंडो में कुल 446 आवेदनों की इंट्री की गई । पंचायत स्तरीय एवं शहरी क्षेत्र के विशेष कैम्प का उद्घाटन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायकगण द्वारा किया गया। मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक घाटशिला रामदास सोरेन, विधायक बहरागोड़ा समीर मोहंती तथा विधायक पोटका संजीव सरदार समेत पंचायत जनप्रतिनधियों द्वारा कैम्प का विधिवत शुभारंभ अपने-अपने क्षेत्रों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी भी अपने प्रखंड क्षेत्र में मौजूद रहकर व्यवस्थित तरीके से कैम्प के संचालन को लेकर सक्रिय रहे।

## परसुडीह सोसाइटी कॉलोनी में श्याम महोत्सव 16 अगस्त को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सावन माह के एकादशी के शुभ अवसर पर श्री श्याम भक्त मंडल परसुडीह द्वारा 16वां भव्य श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। आगामी 16 अगस्त शुक्रवार की रात परसुडीह हाट बाजार रोड़ स्थित को-ऑपरेटिव सोसाइटी कॉलोनी में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा। इसकी सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रतन अग्रवाल, अनुराग शर्मा एवं राजेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में नानी बाई रो मायरो आकर्शण का केन्द्र रहेगा। साथ ही स्थानीय कई भजन गायक बाबा श्याम के भजनों का गुणगान करेंगें। 08.30 बजे रात से भजनों का शुभारंभ होगा, जो देर रात प्रभु इच्छा तक चलेगा। इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में बिजय अग्रवाल बिजु, मनोज अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल बबलु, विनीत अग्रवाल, वैभव अनुराग शर्मा, राजेश अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, नवीन अग्रवाल बंटी, संजय अग्रवाल संजु सहित समिति के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

## दलमा के लिए एक्सएलआरआई और वन विभाग के बीच करार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई जमशेदपुर और झारखंड वन विभाग ने दलमा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय मास्टर प्लान विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह वन विभाग कार्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम में दोनों संगठनों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। एक्सएलआरआई का फादर अरुप सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी इस दो वर्षीय परियोजना का नेतृत्व करेगा।पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र 522.98 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जिसमें कई जिलों के 136 गांव शामिल हैं। यह पदनाम वन्यजीवन और पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिए अभयारण्य के भीतर वाणिज्यिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाता है। एक्सएलआरआई इसमें हितधारक परामर्श और उन्नत डेटा विश्लेषण सहित एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया जाएगा।यह योजना वन संरक्षण और मानव-पशु संघर्ष की चुनौतियों से निपटेगी। परियोजना के प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर रघु राम टाटा ने कहा, हमारा लक्ष्य एक ऐसी भविष्योन्मुखी योजना बनाना है जो स्थानीय हितधारकों की सामाजिक-आर्थिक आकांक्षाओं के साथ पारिस्थितिक सुरक्षा को संतुलित कर सके।

## खेती का काम छोड़ महिलाएं पहुंचीं कैंप, नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण बैरंग लौटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के ऑनलाइन आवेदन हेतु शनिवार को पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के सभी 27 पंचायत सचिवालयों में आयोजित कैंप में सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। लेकिन इंटरनेट की समस्या और सर्वर डाउन होने की वजह से नहीं के बराबर काम हुआ। घंटों इंतजार के बाद महिलाओं को बैरंग लौटना पड़ा इससे थोड़ी नाराजगी भी देखी गई। सावन के महीने में जहां पिछले कई दिनों से जारी बारिश के कारण लोग धान की रोपनी के काम में तेजी से जुटे हैं वहीं प्रशासन की ओर से आयोजित कैंप में महिलाओं के शामिल होने से खेती का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ। बाटालुका गांव से करीब 10 किमी दूरी तय करते हुए सैकड़ों महिलाएं गोबरघुसी पंचायत सचिवालय में दोपहर 3 बजे तक इंतजार के बाद निराश होकर घर लौट गई। बताया जाता है कि पूरे राज्य में ही नेटवर्क की समस्या के साथ ही पहले दिन योजना से संबंधित पोर्टल का सर्वर डाउन होने की वजह से हजारों की संख्या में महिलाएं परेशान हुई। पटमदा प्रखंड में देर शाम तक सिर्फ 43 जबकि बोड़ाम में 17 आवेदन ही जमा हुए।

## प्रखंड परिसर से लोहे का सरिया चोरी करते दो पकड़ाए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड परिसर में निर्माणाधीन सरकारी भवनों के लिए रखे लोहे का सरिया चोरी करते शनिवार की सुबह दो चोरों को परिसर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से धर दबोचा। बाद में उसे आदित्यपुर पुलिस को सौंप दिया गया।। पुलिस दोनों युवकों को अपने साथ थाना ले गई। साथ ही, ऑटो और उसमें लदे सरिया को भी जब्त जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक मालवाहक ऑटो पर सवार दो युवक गम्हरिया प्रखंड परिसर से लोहे का सरिया लेकर निकल रहा था। इसी बीच परिसर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी की नजर उन युवकों पर पड़ी और उसने वाहन को रुकवा कर जानकारी लेना चाहा जिससे दोनों युवक घबरा उठे। उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को ऑटो सहित धर दबोचा और थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

## अधिकारी के बिगड़े बोल, डॉ अजय ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से कार्रवाई की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम को पत्र लिख आईएएस अधिकारी आदित्य रंजन के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है. उक्त जानकारी डॉ.अजय कुमार में शनिवार को परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को दी. उन्होंने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन द्वारा शिक्षकों के प्रति जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया गया है. वो अशोभनीय व शर्मनाक है. सभ्य समाज में इस प्रकार की भाषा का कोई स्थान नहीं है. इससे पहले उन्होंने वायनाड में प्राकृति आपदा में मारे लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त किया. वहीं पिछले दिनों झारखंड के लातेहार में वैन के हाईटेंशन बिजली पोल से टकराने के कारण जिन कावड़ियों की मृत्यु हो गई उन परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की. डॉ. अजय ने कहा कि आश्चर्यजनक तरीके से 2014 के बाद से आईएएस और आईपीएस (नौकरशाहों) अधिकारियों के बात करने के तरीके और व्यवहार में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है. जो समाज और देश के लिए ठीक नहीं है. आदित्य रंजन पहले और अंतिम अधिकारी नहीं इससे पूर्व महाराष्ट्र की अधिकारी पूजा खेडकर के अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ किया गया व्यवहार तो सबके सामने है. उन्होंने कहा कि आप शायद नहीं जानते हैं कि 2016 में आरएसएस से जुड़े संकल्प ने सिविल सेवा परीक्षा में बड़ी संख्या में डॉक्टर्स, इंजीनियर्स समेत प्रोफेशनल्स के आने पर चिंता जताई थी. जिस तरह आरएसएस और बीजेपी ने ऐसी प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षाओं के कार्यों को अपने हाथ में ले लिया है, मुझे तो कभी-कभी डर लगता है कि उन परिवारों का क्या होगा जो केवल अपने बच्चों को आईएएस, आईपीएस बनाने का सपना देखते हैं, क्योंकि उनके पास अपने बच्चों को बड़े संस्थानों में एडमिशन के लिए पैसे नहीं हैं. डॉ. अजय ने चुटकी लेते हुए कहा कि हाल के दिनों में जिस प्रकार बीजेपी नेताओं के भाषा में परिवर्तन हुआ है लगता है उसका ही असर अधिकारियों पर भी पड़ने लगा है.

**OFFICE OF DISTRICT LEGAL SERVICE AUTHOROTY, KHUNTI**

**PRESS NOTICE DATED 03-08-2024**

**Final Result for the post of Office Assistant/ Clerk-cum-Receptionist-cum- Data Entry Operator (Typist) & of Office Peon ( Munshi/ Attendant) FOR Legal Aid Defense Counsel System (LADCS) of DLSA, Khunti**

**List of selected candidates for the post of office Assistant/Clerks cum Receptionist cum data entry operator (Typist)**

| Sl. NO. | Name of candidate | Father's | Date of Birth |
|---|---|---|---|
| 01 | Pawan Kumar sahu | Sri Rishi Prasad Sahu | 26.04.1994 |
| Waiting List | | | |
| 01 | Kanchan Kumari | Sri Birsu Ram | 18.02.2000 |
| 02 | Balram Adhikari | Sri Hargovind Adhikari | 28.12.1994 |

**List of selected candidates for the post of Office Peon ( Munshi/ Attendant)**

| Sl. NO. | Name of candidate | Father's | Date of Birth |
|---|---|---|---|
| 01 | Prakash Nayak | Sri Karam Nayak | 12.09.1992 |
| Waiting List | | | |
| 01 | Mini kumari | Sri Charku Mahto | 13.02.1996 |
| 02 | Subhadra Kumari | Sri Dripnath Singh | 01.04.1995 |

1. The appointment will be purely on **Contractual basis initially for a period of one year for the aforesaid posts and in no case the candidate can claim for permanent engagement on the post.**
2. The selected candidates for the above posts must join on or before **05.08.2024**.
3. In case of non-joining of selected candidates within the specified period, or upon his/her disqualification, the vacancy will be filled up from the waiting list which shall be valid for a period of one year from the publication of this result.
4. The candidates must bring all the original relevant documents at the time of joining, along with medical fitness certificate issued by Civil Surgeon/Assistant Civil Surgeon, of Government hospital.

Sd/-
I/C Secretary,
DLSA, Khunti

PR 331808 Law(24-25).D

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत, उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में शनिवार को कैम्प लगाकर झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लाभुकों का आवदेन प्राप्त किया गया ।जहां आवेदन प्राप्त करने के बाद झारखंड सरकार के वेबसाइट पर अपलोडिंग कार्य प्रारंभ किया गया। लेकिन सर्वर डाउन होने कारण अपलोड नहीं हो पाया जिस कारण महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। आवदेन को जमा कराने को लेकर सुबह 9:00 बजे से ही पंचायत भवन में बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय विभिन्न टोले की महिलाएं पहुंची थी।लेकिन दोपहर 2:00 बजे तक कार्य नहीं होने के कारण वे परेशान दिखी। मिली जानकारी के अनुसार 10 अगस्त तक आवेदनों को अपलोड किया जाएगा। वही आवेदन का अपलोड का कार्य कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि सर्वर डाउन होने की वजह से सुबह से ही आवेदन को अपलोड नहीं कर पा रहा है । सर्वर ठीक हो जाने के बाद सभी आवेदन को अपलोड कर दिया जाएगा।

## नदी की तेज धार में डूबी तीन बच्चियों में से एक लापता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** जंगली फुटका लेकर लौट रही तीन बच्चियां चुन्द्रु नदी स्थित डमभा बागी के समीप उफनती नदी की तेज धार में बह गई। जिसमे से दो बच्चियो ने नदी के छोर पर स्थित झाड़ी को पकड़कर अपनी जान बचा ली जबकि एक बच्ची तेज धार में बह गई। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची टंडवा थाना पुलिस की टीम एवम् एनटीपीसी के गोताखोरो की टीम लापता बच्ची के खोजबीन का प्रयास कर रही है। खबर लिखे जाने तक लापता बच्ची का पता नहीं चल पाया है।

## कुदरत का कहर पड़ा भारी, तेज हवा और बारिश से पेड़ धाराशाही



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड जंगल में भारी बारिश और हल्की हवाएं चलने से पेड़ उखड़ कर धराशाही हो गया। आपको बता दें की बीते सप्ताह बदन जलाने वाली गर्मी से जहां लोग हलकान थे वहीं बीते 2 दिन से रुक-रुक कर हो रही तेज मूसलाधार बारिश से खेतों में लगे धान के बिचड़े में जान आ गई और किसानों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठा। किंतु कुदरत ने अपना कहर भी बरपाना नहीं छोड़ा जंगल में कई पेड़ जड़ से उखड़ कर धाराशाही हो गया है।

## दो दिन के भारी वर्षा होने के कारण दो मिट्टी का घर गिरा



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में लगातार दो दिन से हो रहे भारी वर्षा के कारण टूटी लावा के टोला केंदुआ के निवासी दीपक भुइंया का घर धाराशाही हो गया है। वहीं सुदामा यादव टूटीलावा का घर भी गिर गया है। दोनो भुक्तभोगियों ने बताया की देर रात्रि अत्यधिक वर्षा होने के कारण घर रात्रि को गिर गया हालांकि घर में हम लोग सोए हुए थे।किंतु किसी तरह का कोई जानमाल का क्षति नहीं हुई है। वैसे में अब भुक्तभोगियों को रहने के लिए काफी परेशानी बढी है। भुक्तभोगियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से तत्काल आवास देने की मांग की है।

## अमित साहु पुनः बने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री

### कार्यकर्ताओं ने दी बधाई और शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के सबानो गांव निवासी अमित साहु को पुनः भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनाया गया है। यह मनोनयन भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने शनिवार को अपने लेटर में सूची जारी कर किया है। अमित कुमार साहु मूलतः सिमरिया प्रखंड के सबानों गांव के रहने वाले हैं। नव मनोनित युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कहा की मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व ने संगठन की बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक तथा तन मन और धन लगाकर संगठन का विस्तार करूंगा। श्री साहु ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र , प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहु, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के अलावे समस्त प्रदेश नेतृत्व को आभार व्यक्त किया है। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वाले में प्रदेश के वरिष्ट नेता गण, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला प्रभारी विनय जयसवाल, प्रदीप सिंह, युगल किशोर खंडेलवाल, मिर्तुंजय सिंह, नवीन शाह, धर्मेंद्र साहु, भूपेंद्र मिश्रा, अक्षयवट पांडे, सुभम सिंह, राजेश पासवान, निशा कुमारी, दयानिधि सिंह, दामोदर गोप, मुकेश साहु, अक्षयवट सिंह, रविन्द्र सिंह, सुभम सोनी, नरेश शाह, कृष्ण पांडे, लीलाधर महतो, उपेंद्र सिंह, संजय पासवान, सुनील कुमार साहु, गुड्डू वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओ का नाम शामिल है।

## महत्वकांक्षी योजना मंईयां सम्मान पेंशन योजना का पोर्टल नहीं खुलने से महिलाएं परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना मंईयां सम्मान पेंशन योजना के तहत शनिवार को प्रखण्ड के सभी पंचायतो में शिविर लगाया गया।लेकिन योजना का ऑनलाइन पोर्टल नही खुलने के वजह से ऑपरेटर परेशान दिखे। वहीं फार्म भरने को लेकर महिलाएं भी परेशान दिखी।वही शिविर में भारी संख्या में महिला पहुँचे हुवे थे। लेकीन योजना का लाभ लिए बिना ही घर लौट गये। महिलाओं ने बताया की यह महत्वकांक्षी योजना के शुरू होने से महिलाओं में एक आशा और उम्मीद जगी थी की अब कुछ बेहतर होगा। ऑनलाइन फार्म सबमिट नहीं होने से निराश महिलाओं ने इस योजना को परेशान करना बताया है।महिलाओं ने कहा बारिश में भींग भीग कर शिविर पहुँचे लेकिन काम कराए बिना लौटना पड़ रहा है। बता दें की गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए नई योजनाएं शुरू की हैं। इस मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत, महिलाओं के बैंक खातों में सरकार हर महीने 1000 रुपए भेजेगा। वही महिलाओं ने सरकार से ऑफलाइन फार्म भरने की मांग की है।

## दो दिन के भारी वर्षा में एक तलाब का भीड़ टूटा, आवागमन वाधित



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सीकरी गांव के देवी मंडप से कुलवा टोंगरी जाने वाली मुख्य सड़क पर बनी तलाब का बांध टूट जाने से ग्रामीणों को आवागमन बिल्कुल बाधित हो गया है। जानकारी के अनुशार उक्त देवी मंडप के समीप बना तलाब के भीड़ से हीं कूलवा टोंगरी गांव जाने का रास्ता बना हुआ है। उसी तलाब के भीड़ पर बना कच्ची सड़क के रास्ते कुलवा टोंगरी जाने का मुख्य मार्ग है। जहां तेज वर्षा के कारण तलाब में काफी पानी भर जाने से तलाब का भीड़ टूट गया। जिसके कारण अब आवागमन बिल्कुल बाधित हो चुका है। वैसे में प्रखंड विकास पदाधिकारी से ग्रामीणों ने मांग किया है की फिलहाल उक्त मुख्य मार्ग कुलवा टोंगरी जाने के लिए सुविधा बहाल कराया जाय। ताकि घर में आवागमन कर सके।

## अत्यधिक बारिश के कारण मिट्टी का घर ध्वस्त



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बभने पंचायत अंतर्गत पिपरेहाट गांव निवासी जठा यादव का शुक्रवार के रात में तेज बारिश से मिट्टी का घर गिर गया है। घर गिर जाने की वजह से गरीब परिवार बेघर हो चुके हैं। इस संबंध में जठा यादव ने बताया की बारिश के दौरान हम सभी बाल बच्चों के साथ घर पर ही थे। इसी दौरान बारिश हुई और मिट्टी का घर का दिवाल एकाएक गिर गया। जिससे हम सभी ने अपने बाल बच्चों के साथ बाल बाल बचे। घर में रखे हुए घरेलू सामान नष्ट हो गया, इधर बताया जा रहा है कि जठा यादव दिहाड़ी मजदूरी कर अपने बाल बच्चों का पेट पालने का काम करता था। वह बीपीएल धारी है। भुक्तभोगी जठा यादव का मिट्टी का घर धान के खेत से सटा है। और खेत में बरसात का पानी का जल जमाव है।

## रविदास महासभा टंडवा प्रखंड कमिटी के अध्यक्ष बने अमीरका राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** रविदास महासभा चतरा जिला कमिटी के पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार रविदास महासभा टंडवा प्रखंड कमिटी की गठन को लेकर टंडवा टॉउन हॉल में रविदास समाज की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाति के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कुमार दास एवं संचालन अखिल भारतीय अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष रामोतार राम ने किया। बैठक में रविदास महासभा की पूर्व कमिटी को भंग करते हुवे सर्वसममती नई कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष अमीरका राम, सचिव पिंटू दास कोषाध्यक्ष बाबूलाल राम, उपाध्यक्ष बैजनाथ राम, एंव कुलदीप राम को मिडिया प्रभारी बनाया गया। अन्य पदों की विस्तार आगामी बैठक कर किया जाएगा। ततपश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला कमिटी से आए पर्यवेक्षक के रूप में राजकुमार राम एवं भेखलाल राम ने घोषित पत्र देते हुवे माला पहना कर स्वागत किया एवं समाज को मजबूती के साथ आगे बढाने को लेकर शुभकामनाएं दी। मौके पर निवर्तमान सचिव प्रयाग राम, समाजसेवी जागेश्वर दास, बासुदेव बसंत, छोटेलाल राम, अर्जुन दास, झरी राम समेत समाज के सैंकड़ो प्रबुद्ध, समाजसेवी एवं युवा मौजूद थें।

## भारी बारिश से पुल के आपरोच को नुकसान, भारी वाहन का आवागमन ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत बासकरचा मोड़ से कुडो मोड़ तक 30 किलोमीटर सड़क व नये पुल का निर्माण कार्य बरसात से पहले ही पूरा किया गया है।इस योजना अन्तर्गत बराही नदी स्थित नव निर्माण पुल के आपरोच भारी बारिश के कारण बह गए। जिससे आपरोच को काफी नुकसान हुआ है। जिस कारण इस बराही नदी स्थित पुल से यात्री बस सहित कई अन्य भारी वाहन का परिचालन ठप हो गया है। बराही नदी स्थित पुल गढ़बुढ़नी और दुरूप पंचायत के दर्जनों गांव को जोड़ती है।इस रूट में दो यात्रीबस का परिचालन होता है।लेकिन आपरोच डेमेज होने के कारण बस परिचालन तीन दिनों से बंद है। वही इस संबंध में योजना के सवेंदक ने बताया कि नया पुल निर्माण हुआ है।आपरोच पर मिट्टी भरा गया है।अक्सर पहली बारिश में आपरोच को कुछ बहुत नुकसान होता है, घबराने की बात नहीं है। बारिश कम होते ही मरम्मत कर ठीक कर दिया जाएगा।

## प्रगतिशील शिक्षक संघ ने किया नए जिला शिक्षा अधीक्षक का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ लातेहार ने पदभार ग्रहण करने पर जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ऋ षिकेश कुमार का गुलदस्ता एवम् पौधा देकर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल ने नए डीएसई का अभिनंदन करते हुए उम्मीद जताई कि आपके नेतृत्व में लातेहार जिला के शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होगा। शिक्षक प्रतिनिधियों के द्वारा पदाधिकारीद्वय से अनुरोध किया गया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालय के बुनियादी आवश्यकताओं और शिक्षक की मजबूरी का आकलन कर उसका निदान करने का प्रयास किया जाये। संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक को भरोसा दिलाया कि छात्र एवं शिक्षा हित में विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेगी। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव प्रदेश संगठन मंत्री अभिमन्यु कुमार सिंह प्रदेश संगठन सचिव ब्रजेश कुमार जिला महासचिव प्रदीप कुमार सिंह कोषाध्यक्ष संजीव कुमार चंद्र उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मीडिया प्रभारी अनीश कुमार प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## रांची के वकील के हत्यारों को फांसी की सजा हो : रवि डे



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने रांची में सिविल कोर्ट के वकील गोपी कृष्ण की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखण्ड की राजधानी रांची में सुखदेव नगर थाना के बगल में एक अधिवक्ता का सरेआम हत्या चिंता का विषय है। इस हत्या से रांची ही नहीं पुरे झारखंड के लोग भय और आक्रोश में हैं। झारखंड सरकार और प्रदेश के डी.जी.पी गीरती हुई विधि-व्यवस्था को अविलंब दुरुस्त करने के लिए ठोस और उचित कदम उठाएं ताकि झारखंड वासियों का सरकार और कानून पर विश्वास बरकरार रहे। हत्यारे को पकड़कर अविलंब फांसी की सजा दिलाई जाये।

## आजसू नेता ने जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर लातेहार से पेश किया अपनी दावेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राज्य विधानसभा चुनाव 2024 में लातेहार विधानसभा से दावेदारी के लिए लातेहार अम्बाकोठी निवासी श्रवण पासवान पिता डोमन माँझी ने जिला कार्यालय में आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष अमित पांडेय को 3 अगस्त 2024 दिन शनिवार को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान श्रवण पासवान ने बताया कि 2014 से तन मन धन के साथ लगन पूर्वक से कार्य करते आ रहा हू। इससे पूर्व भी लातेहार से वर्ष 2009 एवं 2014 तथा 2019 में भी लातेहार विधानसभा से चुनाव लड़ते आ रहा हूँ। लातेहार विधानसभा की जनता के साथ हर समस्या को लेकर आवाज बुलंद करते आ रहा हूँ। एवं बिना लोभ लालच के निस्वार्थ भाव से लातेहार कि जनता के साथ खड़ा रहा हूँ तथा आगे भी रहूँगा।? लातेहार विधानसभा से प्रत्याशी के रूप में दावेदारी के आज मैं आजसू कार्यालय में आकर जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा हुं। और प्रत्याशी का चयन करना पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का काम है।

## आजादी के बाद पहली बार चतरा के सांसद की आवाज सदन में गूंजा : सांसद कालीचरण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने सदन में चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए रेल सेवा शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चतरा क्षेत्र दशकों से रेल सेवा की प्रतीक्षा कर रहा है और इसकी शुरुआत से स्थानीय लोगों को कई आर्थिक और सामाजिक लाभ मिलेंगे। उन्होंने अपने भाषण में चतरा वासियों के समर्थन और आभार को भी व्यक्त किया। सांसद ने बताया कि चतरा में रेल सेवा की कमी के कारण इलाके की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। विशेष रूप से, सीसीएल (केंद्रीय कोयला खदान लिमिटेड) प्रतिदिन कोयला आपूर्ति करती है, जो पावर प्लांटों के लिए आवश्यक है। इस आपूर्ति की वजह से देश के ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। रेल संपर्क के बिना, चतरा जैसे क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों की गति धीमी रहती है। सांसद ने यह भी स्पष्ट किया कि चतरा से गया और चंदवा तक रेल सुविधा की आवश्यकता है। इस सुविधा के अभाव में स्थानीय लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# बारिश से किसानों के चेहरे में लौटी रौनक, वहीं शहरी क्षेत्र हुआ प्रभावित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत महुआडांड़ में मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे में खुशी लौट आई है। आषाढ़ माह में पर्याप्त मात्रा में बारिश होने से किसान चिंतित थे । सावन के पहले सप्ताह से बारिश नहीं होने से किसान बिछड़े नष्ट होते देख परेशान थे लेकिन तीन दिनों में हो रही अच्छी बारिश है किसान हर्षित है कोई धन रोकने कोई विचार उठाने तो कोई खेती करने की मेड ठीक करने में जुट गए हैं। किसानों ने कहा बारिश नहीं होने से बढ़ रही थी बेचैनी प्रखंड के सभी किसान चिंतित हो रहे थे की बारिश इस बार भी नहीं होगी हालांकि इंदिरा भगवान की कृपा से अच्छी बारिश हुई है इस खेती की उम्मीद जगी है अवधारणा रोकने की स्थिति हो गई 3 वर्षों में इस बार लगता है की बारिश अच्छी होगी। बारिश के बाद सड़कों एवं नाली की खोली पोल भंडार कोना जाने वाली सड़क तालाब में हुई तब्दील भंडार कोना जाने वाली सड़क हर बारिश में तालाब में तब्दील हो जाती है आसपास के ग्रामीणों ने कई बार लिखित आवेदन दिए हैं सिर्फ आश्वासन मिला है। मुकेश जायसवाल बताते हैं कि बारिश की पानी की जल जमाव से संक्रमण का दर बढ़ जाता है और महुआडांड़ प्रखंड में पहले से भी मलेरिया का ज्यादा शिकायत है। बारिश का पानी हम लोग के आसपास के घरों में घुसने लगता है। तीन दिन की लगातार बारिश से नही मिल रही है बिजली महुआडांड़ में एक तरफ गर्मी से राहत तो मिली हालंकि बिजली गुल है क्या कहते है बिजली विभाग भारी बारिश से कई जगह तार में फॉल्ट आया है बनाने का काम किया जा रहा है बिजली को ठीक करने का कार्य युद्ध स्तर में चल रहा है। बिजली की सप्लाई जल्द कर दी जायेगी।

## मोटरसाइकिल के धक्के से वृद्ध महिला घायल, रिम्स रेफर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला ग्राम के समीप मोटरसाइकिल के धक्के से माजो मसोमात 75वर्ष पति स्व.भोजा उराँव ग्राम कोमर थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ बाजार से अपने घर वापस कोमर जा रही थी ।इसी दौरान टमटमटोला ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दिया ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी ।घटना के बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।


# बारिश के कारण किसानों और ग्रामीणों को भारी नुकसान

## किसानों के नुकसान की क्षतिपूर्ति शीघ्र करवाना प्राथमिकता : अंकित राज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** शुक्रवार रात्रि भारी वर्षा के कारण सभी नदियों के जल स्तर बढ़ने से क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों को भारी नुकसान का सामना उठाना पड़ा।

इस आपदा की जानकारी प्राप्त होते ही झारखण्ड प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज अंचल अधिकारी को लेकर सभी प्रभावित इलाको का दौरा किया। पंचायत तलसवार में शंतु साव के घर 800 मुर्गी डूबने से मौत हो गया। वही अमन वस्त्रालय दुकान डूबने से लगभग 5 लाख का कपडा नुकसान हुआ है। ग्राम कोयलंग में रामदास तुरी का एक बैल तथा तीन बकरा डूबने से मौत हो गया। तापेश्वर महतो का लगभग 30 क्विंटल प्याज हुआ नष्ट। कोयलंग निवासी शंकर साव का लाखों रुपए का रखें गोदाम में धान व चारदीवारी नष्ट हुआ है। लाखपती साव तथा ग्राम रुद्दी में सलामत अंसारी और मो नाजिर का घर क्षतिग्रस्त हो गया है।





अंचलाधिकारी ने कहा कि नुकसान का आंकलन कर जिला को रिपोर्ट भेज दिया जाएगा एवं सभी नुकसान का उचित मुआवजा देने की प्रक्रिया की जाएगी। अंकित राज ने कहा कि इस आपदा में हुए नुकसान की समीक्षा कर शीघ्र भुगतान करवाना हमारी प्राथमिकता है एवं पीड़ित परिवार के सहयोग के लिए पार्टी संकल्पित है। मौके पर ग्रामीण के साथ पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, प्रवीण कुमार, संजय कुमार, संदीप कुमार उपस्थित थे।

# अंबा प्रसाद के प्रश्न पर सरकार ने दिया जवाब, विस्थापन आयोग का गठन करने जा रही है सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा विधानसभा सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से विस्थापितों को उचित लाभ प्रदान करने तथा न्याय दिलाने के लिए राज्य विस्थापन आयोग का गठन करने तथा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 व कॉल बैरिंग एक्ट 1957 के स्थान पर भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 नियमावली को लागू करने की मांग की गई। विधायक अंबा प्रसाद के प्रश्न पर राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के प्रभारी मंत्री द्वारा विधानसभा सदन में जवाब देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 8 जुलाई को आहत मंत्री परिषद की बैठक में मंत्री परिषद द्वारा राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग गठित करने तथा इस आयोग के माध्यम से विस्थापितों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय के आलोक में राज्य सरकार द्वारा राज्य विस्थापन आयोग का गठन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि उक्त सभी मामलों को लेकर मैं पहले भी माननीय मुख्यमंत्री से मिली हूं और प्रभावित लोग अक्सर मेरे आवास पर इन मामलों को लेकर आते रहे हैं। विधायक ने कहा मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें सभी बातों को अवगत कराई। मुझे आश्वस्त किया गया है कि इनकी समस्या का निराकरण जल्द होगा। साथ ही उन्होंने हर्ष जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने आस्वस्त किया है कि विस्थापन आयोग का गठन हमारी सरकार जल्द करने जा रही है। विधायक अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विस्थापन आयोग का गठन करने से बडकागांव के विस्थापितों के साथ न्याय होगा उनका हक अधिकार सुनिश्चित होगी।



## भाजपा नेता नीरज गुप्ता ने दिल्ली मे की केंद्रीय नेताओं से मुलाकात



**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी के स्वच्छ भारत अभियान के हजारीबाग जिला संयोजक सह युवा समाजसेवी नीरज गुप्ता ने दिल्ली मे भाजपा के केंद्रीय नेताओं से मुलाकात किया। इस संबंध मे उन्होंने बताया की उन्होंने केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर झारखंड खासकर हजारीबाग की समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। उन्होंने केंद्रीय नेताओं के समक्ष राज्य मे गिरते कानून व्यवस्था पर चिंता जाहिर किया। आगे उन्होंने बताया की हजारीबाग मे अपराध रुकने का नाम नही ले रहा है। एक सप्ताह के अंदर झील मे दो शव का बरामद होना व एक अन्य मामले मे एक व्यवसायी का शव बरामद होना और पुलिस का इन मामलों का अब तक खुलासा नही करना चिंता का विषय है। हजारीबाग अपने शांत वातावरण के लिए जाना जाता था अब धीरे धीरे इसकी पहचान क्राइम सिटी के रूप मे होते जा रही है।

## अभाविप ने विद्यार्थियों के बीच किया अखबार का वितरण



**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा हजारीबाग के विभिन्न लॉज व छात्रावासो में विद्यार्थीयों के बीच अखबार वितरण किया और साथ ही छात्रावास में हो रहे छात्रों के समस्याओं को भी जाना । नगर मंत्री रुद्र राज ने कहा 17वीं सदी की शुरुआत में जब से अखबारों का प्रचलन शुरू हुआ है, तब से वे हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। उनके बिना हमारी सुबह अधूरी लगती है। कुछ लोगों के लिए यह सिर्फ़ अखबार नहीं बल्कि बाहरी दुनिया से जुड़ने का एक अहम जरिया है। समाचार पत्र पढ़ना हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है । हर सुबह इसे पढ़कर हम नई चीजें सीखते हैं और पन्नों में निहित रोचक जानकारी से खुद को खुश करते हैं। रुद्र राज ने कहा हर छात्र को रोजाना अखबार पढ़ने की आदत डालनी चाहिए क्योंकि अखबार पढ़ने के कई फायदे हैं जो एक छात्र को एक ऑल-राउंडर बनने , शिक्षा और करियर में आगे बढ़ने और जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद करते हैं। यह उनके शहर, राज्य, देश और दुनिया में चल रही हर चीज़ से खुद को अपडेट करने का एक ज़रिया बन जाता है। कहा जाता है कि ज्ञान ही शक्ति है और यही बात समाचार पत्र आपके दरवाजे तक लाता है - दुनिया की वर्तमान घटनाओं के बारे में जानकारी ताकि आप अपनी राय बना सकें, अपना रुख तय कर सकें, और सही कार्रवाई का रास्ता चुनने की शक्ति प्राप्त कर सकें। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थीयों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा अलग अलग कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों के कार्य करते आई है जिससे वह हर क्षेत्र में आगे बढ़े। कार्यक्रम के मुख्य रूप से मनीष कुमार, छात्रावास प्रमुख अक्षय मोदी उपस्थित रहें।

## जनवितरण प्रणाली संघ केरेडारी ने किया आर्थिक सहयोग



**केरेडारी :** केरेडारी जन वितरण प्रणाली संघ ने विगत दिनों मृत जनवितरण प्रणाली के दुकानदार रमजान मियां के परिजनों को आर्थिक सहयोग दिया है! इसके लिए शनिवार को जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ अध्यक्ष रामकृष्ण दुबे, उपाध्यक्ष विनोद राम, प्रमोद सिंह, उपसचिव कुंवर साहू सचिव अकबर अली कोषाध्यक्ष विनोद नायक जन वितरण प्रणाली दुकानदार मोहम्मद शमीम, मनोहर कुमार, रामध्यान सिंह एवं महासचिव अजय कुमार गुप्ता के उपस्थिति में मृतक दुकानदार मोहम्मद रमजान मियां की पत्नी रोजनी खातून को उनके पुत्र मोहम्मद जहांगीर मोहम्मद प्यारे एवं दामाद महताब अंसारी की उपस्थिति में जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के तरफ से सहयोग राशि 25 हजार नगद दिया है!

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत 12 लाभार्थियों का हो सका पंजीकरण



**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड सरकार की महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वाकांक्षी योजना, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजनाका शुभारंभ 03 अगस्त 2024 को समूचे झारखण्ड मे इसकी शुरुआत की गई। परन्तु विष्णुगढ़ प्रखण्ड के तमाम पंचायत सचिवालयो में आज महिलाओ का तांता लगा रहा,घण्टो इंतजार के बाद भी आज किसी का ऑनलाइन पंजीकरण संभव नही हो पाया। प्रज्ञा केंद्र के संचालकों ने आज दिनभर मशक्कत की परन्तु साइट दिनभर नही चला जिसकी वजह से लाभुक महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस पर अपनी बात रखते हुए विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो ने कहा कि अभी खेती-बारी का समय है,ऐसे में महिलाएं सारे काम छोड़कर इस योजना के जुड़ने के लिये दिन-भर बैठी रही परन्तु साईट सोया रहा। झारखण्ड सरकार को तत्काल इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहियें नही तो जनहित की यह योजना अधर में लटक सकती है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में जिस प्रकार की सुविधा होनी चाहिये उस पर किसी ने कोई कसर नही छोड़ी इसके लिए सभी बधाई के पात्र है,परन्तु सर्वर डाउन होने की वजह से आई परेशानी को वरीय पदाधिकारियो ने स्वतः संज्ञान में लिया जिसे ठीक भी किया गया है। सर्वर ठीक होने के बाद विष्णुगढ़ से कुंल बारह लाभार्थियों का पंजीकरण संभव हो पाया है, बचे छह दिनों में दिनरात एक करके अहर्ता प्राप्त माताओं-एवं बहनों को इस योजना से जरूर जोड़ा जायेगा।

## चक्रवाती तूफान/वर्षा से बचाव हेतु उपायुक्त ने जारी किया एडवाइजरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले मे हो रहे लगातार भारी बारीश मे जानमाल की हानि ना हो व लोग सुरक्षित रहे इसके लिए हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय ने एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा है की चक्रवाती/तूफानी वर्षा से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें-



- चक्रवात/तुफानी वर्षा की गतिमार्गों की अद्यतन जानकारी रेडियों व अन्य संचार माध्यमों से प्राप्त करते रहें।
- अपने समुदाय के लोगों को आने वाले खतरों के प्रति सावधान करें।
- अपने आसपास के शरण स्थलों व वहाँ तक पहुँचने के मार्ग की जानकारी रखें।
- आपातकालीन किट और आवश्यक खाद्य सामग्री,दवाएं, टार्च एवं बैटरी आदि तैयार रखें।
- दरवाजें, खिड़कियॉ, छत और दीवारों को चक्रवाती मौसम से पहले मरम्मत कर मजबूत करें।
- सुरक्षित स्थानों में पर्याप्त अनाज और पानी संग्रह रखें।
- अपने समुदाय के लिए नकली अभ्यास (मॉकड्रील) का आयोजन करें।
- यदि आश्रय स्थल पर नहीं जा सकते हैं तो अपने घर के मजबूत भाग के अंदर रहें।
- जबतक आधिकारिक सूचना न मिले कि घर से बाहर जाना सुरक्षित है तबतक घर से बाहर न निकलें।
- घर लौटने के लिए निर्देशित मार्ग का ही पालन करें, घर पहुँचने की जल्दी ना करें।
- टूटी विद्युत लाइनों, क्षतिग्रस्त सड़कों और टूटे वृक्षों से सावधान रहें।
- सुखे एवं कमजोर पेड़ से सावधन रहें। अत्यधिक वर्षा के कारण ऐसे पेड़ों के गिरने की संभावना बनी रहती है जिससे कभी-कभी बड़ी दुर्घटना भी हो जाती है और जान-माल की भी क्षति हो जाती है।
- तुफानी वर्षा के कारण यदि दृष्यता कम हो तो वाहन चलाने का जोखिम नहीं ले, यदि वाहन के साथ बाहर जाना पड़ रहा है तो इण्डिकेटर/लाइटजला कर चलें।
- बच्चों को नदी नाला, तालाव, डोभा जैसे जालाशयों के समीप जाने से रोके।
- अत्यधिक वर्षा के कारण यदि पुल/पुलिया, सड़क से होकर पानी का बहाव हो रहा हो या क्षतिग्रस्त हो गया हो तो उससे होकर तबतक आवागमन न करें जबतक कि प्रशासन द्वारा आवागमन के लिए सुरक्षित घोषित न कर दियाजाय।

नोट-किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 112, पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 9304953423, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 108 एवं कंपोजिट कन्ट्रोल रुम के लिये 06546-264159 एवं 265233 नम्बर पर सम्पर्क करें।

## खोड़ाहर नवयुवक कांवरियां संघ का जत्था देवघर के लिए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को खोड़ाहर नवयुवक कांवरियां संघ का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। सबसे पहले कांवरियां संघ के लोगो ने खोड़ाहर शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया, उसके बाद बोल बम, हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए देवघर के लिए रवाना हुआ। मौके पर खोड़ाहर नवयुवक कांवरियां संघ के श्रद्धालुओ ने बताया की सुल्तानगंज से जल उठाने के बाद पैदल यात्रा कर देवघर में जाना है, जहा बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के बाद बासुकीनाथ में भी जल चढ़ाएंगे। खोडाआहर नवयुवक कांवरियां संघ का जत्था में सुबास कुमार यादव, प्रमोद कुमार, अबोध कुमार, मंटू कुमार, महेंद्र यादव, आयुष कुमार, राहुल कुमार रंजीत कुमार आदि थे।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर झरपो पंचायत भवन परिसर में शिविर का आयोजन

▶ **सर्वर डाउन रहने के कारण एक भी आनलाइन आवेदन फॉर्म नही हुआ सक्सेस , शिविर में ऑफ लाइन फॉर्म जमा की संख्या 120**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो ,खैरा ,डूमर डहरभंगा, धर्मपुर, बेड़म,टाटीझरिया पंचायत भवन परिसर में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ झरपो पंचायत सचिवालय परिसर में पंचायत सचिव गुड़िया रानी ने जन प्रतिनिधियों के उपस्थिति में किया । जेएसएलपीएस के उषा रानी ने महिलाओ के हितार्थ सरकार के योजना से महिलाओ को लाभान्वित करने आई पंचायत सचिव गुड़िया रानी को माला पहनाकर और प्रतिनिधियों में स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी उप प्रमुख रवि वर्णवाल, आंगनबाड़ी सेविकाओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग किया । शिविर में आए 21 से 49 वर्ष की महिला लाभुको को पंचायत सचिव ने मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना को क्षेत्रीय भाषा में बताया महिलाओ ने संतुष्ट जनक उत्तर पाकर शिविर स्थल में 3 से 10 अगस्त तक लगाए जाने वाले शिविर में लगभग 120 ऑफलाइन फॉर्म जमा किया गया । वही विडम्बना है की एक भी ओनलाइन आवेदन फॉर्म को इंटरनेट की तकनीकी आथार्त्त सर्वर डाउन रहने के कारण नहीं हो पाया । बता दे की झरपो पंचायत भवन परिसर में स्थानीय मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी,टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल पंचायत सचिव गुड़िया रानी ,खैरा पंचायत भवन परिसर में स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी पसंस विनय कुमार पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद, भराजो पंचायत में मुखिया स्वस्तिका कुमारी पंचायत सचिव विश्वजीत कुमार दुबे ,डूमर पंचायत मुखिया ,पंचायत सचिव मोईनीदिन चिस्ती,धर्मपुर पंचायत मुखिया ,पंचायत सचिव संजय कुमार , डहरभंगा पंचायत मुखिया रेखा देवी मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव ,पंचायत सचिव विश्वजीत दुबे, बेड़म पंचायत मुखिया , टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल पंचायत सचिव विश्वजीत दुबे,टाटीझरिया पंचायत भवन परिसर में मुखिया सुरेश यादव पंचायत सचिव अनिता कुमारी संग कई आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका मौजूद थे ।

## यह बजट देश के विकास मे मील का पत्थर साबित होगा : मनीष जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद मनीष जायसवाल ने बजट सत्र से लौटने के बाद हजारीबाग के झंडा चौक स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह भी मौजूद रहे । इस मौके पर उन्होंने कहा कि बजट देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होने वाला है। बजट सत्र से देश के विकास से भारत एक नया आयाम गढ़ेगा । उन्होंने बताया कि इस बजट में छोटे उद्योग यानी एमएसएमई उद्योग से जुड़े लोगों को जल्दी लोन मिलेगा ताकि वह अपना उद्योग सुचारू रूप से चला पाए और स्वावलंबी बन पाए । उन्होंने यह भी कहा कि बाहर की कंपनियां भी अब हमारे देश में इन्वेस्ट कर सकेंगे क्योंकि टैक्स को कम कर दिया गया है जिससे देश में रोजगार बढ़ेगा और केंद्र सरकार युवाओं को पेड इंटर्नशिप भी करवाएगी जिससे कि उनका स्किल भी अच्छा होगा और उन्हें मेहनताना भी प्रदान किया जाएगा । इस बजट मे मिडिल क्लास लोगों के लिए टैक्स स्लैब में भी बदलाव किए गए हैं जिससे सीधे तौर पर मिडिल क्लास लोगों को फायदा पहुंचेगा। भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश हित में सोचती है इसी को लेकर उन्होंने इस तरह के बजट को जनता के बीच पेश किया है ताकि हमारा भारत आगे बढ़ सके । उन्होंने यह भी बताया कि बजट सत्र में उन्होंने हजारीबाग के लिए भी काफी मांग सदन में उठाई है,यहां के लोगों को लंबी दूरी की ट्रेन उपलब्ध नहीं हो पाई है अभी तक जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसके लिए हमने सदन में लंबी दूरी की ट्रेनों को हजारीबाग टाउन स्टेशन से जोड़ने की मांग रखी है । साथ ही साथ रामगढ़ जो की मां छीनमस्तीके की मंदिर के लिए भी प्रसिद्ध है और वहां कोयला उत्खनन का भी कार्य काफी बड़े क्षेत्र में होता है लेकिन वहां एक भी नेशनल स्कूल आफ माइन्स का कॉलेज नहीं है जिसकी भी मांग हमने सदन में उठाई है उन्होंने बताया कि आगे भी हम हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए विभिन्न तरह की मुद्दे संसद के पटल पर उठाते रहेंगे ताकि यहां के लोगों को सुविधा प्रदान हो और क्षेत्र का विकास सर्वांगीण हो ।

## बड़कागांव प्रखंड में तीन दिनों की बारिश से नदियां उफान पर, कई मकान गिरे

▶ **बादम श्मशान घाट शेड ध्वस्त, गोसाई बलिया में चेक डैम, 5 तालाब टूटा 10 लाख का नुकसान, हरली में कटा रोड**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में पिछले तीन दिनों तक हुई भारी बारिश ने खूब तबाही मचाई है। प्रखंड के तमाम नदियां उफान पर है। भारी बारिश ने गोसाई बलिया में सुरेश गिरी के परिवार के पांच मछली पालन बड़ी तालाब तथा एक चेक डैम में पानी भर जाने के कारण टूट कर बह गया और मछलियां भी बह गई। जिसमें तकरीबन 10 लाख रुपया का आर्थिक नुकसान हुआ है। वही बादम नदी स्थित शमशान शेड नदी में आई भारी बाढ़ के कारण ध्वस्त हो गया। इतना ही नहीं है हरली गांव स्थित हरली मंदिर चौक से हरिजन मोहल्ला टोली से ओवर ब्रिज जाने वाला रास्ता पानी के बहाव में टूट कर बह गया है जिसके कारण ग्रामीणों का वाहनों से आवागमन बाधित हो गया। महुदी, सोनपुरा, शिवाडीह, सिरमा, सीकरी, चमगढ़ा, बड़कागांव पीपल नदी, गोण्दलपुरा नदी में आई भारी बाढ़ से किसानों के खेतों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। मिट्टी के कटाव होने के कारण कई किसान के खेत बह गए। वही आम गरीब लोगों के भी कच्चे मकान को भी भारी बारिश ने ध्वस्त कर दिया। प्राप्त सरकारी आंकड़े के अनुसार रुद्दी, तलसवार, पलांडू, कोईलंग में कुल 4 मकान गिर गए हैं। इनकी कर्मचारी रिपोर्ट आने के बाद आवास देने के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी। भारी बारिश को देखते हुए अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने कहा कि सरकारी नियमानुसार सभी को आपदा राहत कोष से सहायता राशि दी जाएगी। इसके लिए कर्मचारी का रिपोर्ट आना जरूरी है।

## हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल पहुंचे बरही, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को सांसद मनीष जयसवाल बरही पहुंचे, जिनका बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में भाजपाइयों ने स्वागत क़िया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव भी मौजूद थे। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने मल्लाह टोली और इंस्पेक्टर बंगला व रेलवे स्टेशन रोड में बिन नाली से जल जमाव से हो रही परेशानियों को सांसद को अवगत कराया और नाली निर्माण की मांग रखा। सांसद ने ग्रामीणों की मांग पर उक्त स्थानों का निरक्षण करने भी पहुंचे। मल्लाह टोली बड़ा शिव मंदिर परिसर में सोलर मस्ट लाइट का भी लोगों ने मांग रखा। वहां मौजूद ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उक्त नाली का मैप तैयार कर भेजिए जल्द ही नाली का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही शिव मंदिर परिसर में सोलर लाइट भी व्यवस्था की जाएगी। इस बाबत ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सांसद को धन्यवाद दिया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, शिवा निषाद,सुंदरी निषाद, अभिषेक निषाद, राजू निषाद, आकाश जायसवाल प्रदीप रजक, अशोक यादव, युगल यादव, बिपिन सिन्हा, पप्पू केशरी, टिंकू आलम, किशोर निषाद, अजीत राम, किशोर केशरी, सुनील सहानी, गोलू सिंह सहित महिलाएं उपस्थित थीं।

# सरिया : बारिश के कारण दीवाल गिरने से महिला की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह) :** शनिवार को सरिया थाना क्षेत्र के लूतीयानों गांव में बारिश के कारण दीवाल गिरने के कारण उससे दब कर महिला की दर्दनाक मौत हो गया। घटना को लेकर प्राप्त जानकारी के अनुसार लूतीयानों गांव की दुलारचंद महतो की पत्नी 35 वर्षीय मीना देवी शुक्रवार की रात शौच करने को लेकर घर से बाहर निकली थी । उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी स्वजनो द्वारा काफी खोजबीन के बाद नही मिलने और तेज बारिश के कारण पुनः उसकी खोज बिन सुबह करने की बात कह कर छोड़ दिया गया । सुबह होनें पर घर से सटे लगभग 10 फीट ऊंची दीवार बारिश के कारण गिरा हुआ दिखा और उसके नीचे मृतक महिला का साड़ी का कुछ हिस्सा बाहर निकला हुआ दिखा । जिसके बाद स्वजनों के द्वारा शोर शराबा करने पर काफी संख्या में ग्रामीण दौड़ कर पहुंचे और महिला को निकालने के कार्य में जुट गया । जो सुबह 11 बजे तक चलता रहा । घटना को देखकर स्वजन यह अनुमान लगा रहे थे की संभावता महिला शौच के लिए निकली होगी उसी समय दीवाल गिरने से दबने से मौत हो गया होगा । और उस वक्त तेज बारिश के कारण लोगो का ध्यान नहीं जा सका होगा। वही घटना की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, जीप सदस्य अनूप पाण्डेय, जे बी के एस एस नेता धर्मपाल महतो सहित कई जन प्रतिनिधि जुटे हुए थे। वही मौके पर सरिया पुलिस भी पहुंच चुकी थी । **कच्चे मकान में रहने को विवश था परिवार :-** बताते चले की उक्त महिला और स्वजनों के द्वारा कई बार से प्रधानमंत्री आवास , अबुवा आवास के लिए आवेदन किया था। लेकिन उसकी स्वीकृति नहीं मिल पाई थी जिसके कारण पूरा परिवार विगत कई वर्षो से कच्चा मकान में रहने को लेकर विवश था।

**मृतका का पति 12 वर्षो से घर नहीं लौटा :-** दीवार गिरने से मृतक महिला मीना देवी का पति दुलारचंद महतो रोजगार के तालाश में 12 वर्षो पूर्व मुंबई गया हुआ था । तब से पत्नी से भी संपर्क टूटा हुआ था । स्वजनो का कहना है कि इसका पति का पत्नी से किसी बात को लेकर अनबन हुआ था । तब से वह वापस भी नही लौटा और घर की आर्थिक स्थिति ज्यादा खराब होने के कारण इसकी दोनो पुत्री 14 वर्षीय यशोदा कुमारी ,10 वर्षीय सिवानी कुमारी अपने ननिहाल में ही रहकर पढ़ाई लिखाई का कार्य करती थी घर में मीना देवी के अलावा उसके साथ सास और ससुर की रहता था।

**क्या कहते है जन प्रतिनिधि :-**घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने पत्रकारों को बताया कि घटना काफी दुखद है । सरकार किया हुआ वादा धरातल पर सारा खोखला है , अबुवा आवास योजना सिर्फ बबूवा आवास योजना बनाकर रह गया है। गरीब लोगों को इस पर कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। समाज के सुखी संपन्न लोगों को ही सिर्फ इस योजना का लाभ मिलता है।

**बेटी ने अपने चाचा पर लगाए हत्या का आरोप :-** घटना की सूचना पाकर पहुंचे मृतिका की दोनों बेटियों यशोदा कुमारी ,शिवानी कुमारी ने अपने चाचा पर मां की हत्या करने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी कई बार उनके चाचा उनकी मां के साथ मार पीट किया करता था संभवत उन्होंने ही मां की हत्या कर सबूत छुपाने के उद्देश्य से शव को दीवाल के नीचे दबा दिया ।

# झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से राज्य में महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा : अनुपमा सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के दिशा निर्देश पर आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर से झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का निःशुल्क आवेदन प्रपत्र शुभारंभ कर वितरित किया गया। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने कहा की झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड के गरीब मध्यम वर्गीय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को आर्थिक सहायता आत्मनिर्भर एवं सशक्त होकर सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके इन्हीं उद्देश्यों को चरितार्थ करते हुए यह लाभकारी योजना आरंभ कीई है जो सीधे 1000 रुपये प्रतिमाह 21 से 50 वर्ष की लाभार्थी महिलाओं की बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी ताकि वह परिवार में उत्पन्न होने वाली हर आर्थिक समस्या से निपटने में सक्षम हो सके तथा अपने पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर ध्यान दे सके। झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का आवेदन प्रपत्र वितरित करते हुए प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि धनबाद लोकसभा कांग्रेस की प्रत्याशी सह कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के दिशा निर्देश पर फार्म वितरण की शुरुआत की गई है और आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में सावित्री देवी, अनिल पांडे, किशोर कुमार, राहुल कुमार, रवि कुमार, मनोज कुमार, सूरज कुमार, जितेंद्र कुमार, शंकर कुमार साहू, गणेश कुमार, गुरुदेव कुमार साहू, दिवाकर कुमार आदि मौजुद थे।



## झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर लगाया गया कैंप



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला अंतर्गत पिंडाटांड पंचायत में शनिवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के आवेदन करने को लेकर काफी संख्या में भिड़ देखा गया पर अफसोस यह था की दिन भर सर्वर डाउन के कारण किसी का भी आवेदन जमा नहीं हो पाया यह जानकारी टेंग भिएले (ष्टस्ष्ट सेंटर) मनीष वर्मा ने बताया की सर्वर खराब रहने के वजह से बहुत परेशानी हो रही है वहीं महिलाएं सावन के धान रोपाई छोड़ कर खेती बाड़ी से पंचायत भवन आया पर कोई लाभ नहीं हुआ, बहुत इंतजार के बाद लोग अपने अपने घर को लोट गया वहीं लोगों ग्रामीण महिलाएं खुशी जताते हुए कह रही थी की मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन हम महिलाओं के लिए बहुत अच्छा योजना ले कर आया है, हम सभी महिलाओं को 1000 महिना मिलने से आर्थिक सहायता प्राप्त होगी जिससे अपने दैनिक जरुरतों को पूरा किया जाएगा। मौके पर सुजीत वर्मा, बच्चु वर्मा, सीमा कुमारी वर्मा, मिना देवी, अंजनी देवी, ललीता देवी, देवंती वर्मा इत्यादि लोग मौजूद थे।

## गिरिडीह पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के निर्देशानुसार गिरिडीह शहरी क्षेत्र के बरगंडा में एसआई प्रमोद प्रसाद के नेतृत्व में क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।वही वाहन जांच के दौरान रोड से आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट व बिना कागजात के चलने वाले चालकों को रोका गया। साथ ही जांच करते हुए हिदायत देते हुए छोड़ा गया। बिना हेल्मेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेल्मेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया। एसआई प्रमोद प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है, जिससे असामाजिक तत्वों में डर पैदा बना रहे। इस दौरान वाहन जांच अभियान में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष बनी प्रोफेसर विनीता

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने नई टीम की घोषणा की है। जिसमें गिरिडीह की प्रोफेसर विनीता कुमारी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर प्रोफेसर विनीता ने मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। प्रोफेसर विनीता ने कहा कि जिस भरोसे के साथ संगठन ने प्रदेश उपाध्यक्ष पद का दायित्व दिया है। उसका वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करेगी। कहा कि महिलाओं के मुद्दे पर मुखर होकर आवाज उठाती रहेगी। साथ ही संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए पूरी ताकत लगाएगी। इधर प्रो विनीता के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, विनय कुमार सिंह, दिनेश यादव ,समीर दीप, अमित आर्या,पवन कंधवे, सुरेश गुप्ता, संगीता सेठ, उषा कुमारी, बासुदेव बरनवाल,अमर सिन्हा,विशाल,विजय, उज्जवल, सोनिया कौशिक,विक्रम,आशा रजवार,सिमरन समेत अन्य भाजपाइयों ने बधाई दी है।



# दो दिनों के वर्षा से दामोदर नदी का दिखा मनोरम दृश्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा में दो दिनों से हो रही मूसलाधार वर्षा से दामोदर नदी में जलस्तर काफी ऊपर बह रहा है । इस दो दिनों के वर्षा से इलाके के लोग दामोदर नदी के मनोरम दृश्य को देखने के लिए दामोदर में बने पुल तक जा भी रहे है और प्राकृतिक का आनंद भी ले रहे है वहीं अभिवावक अपने बच्चों की खोज बिन में भी लगे रहते देखा गया । दामोदर नदी में स्नान करने जा रहे लोग सावधानी बरते नजर आ रहे है ।

वर्षा होने से किसानों के चेहरे में रौनक दिखाई दे रही है। कई लोगों ने दामोदर नदी में बढ़े जलस्तर से लोगों को नदी से दूर दूर रहने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि यह वर्षा खेती के लिए उपयोगी है। दामोदर नदी का इस तरह का मनोरम दृश्य प्रत्येक वर्ष एक बार देखने को मिलता है।

# शमशेर आलम ने सरयू राय पर साधा निशाना, मेन्टल हॉस्पिटल में इलाज कराने की सलाह दी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की विधायक सरयू राय द्वारा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर समय समय पर गलत बयानबाजी कर अपने घटिया मानसिकता का परिचय देते रहते है। मंत्री बन्ना गुप्ता की लोकप्रियता एवं अच्छे कार्य करने की शैली से झारखण्ड के साथ अपने विधानसभा क्षेत्र मे वो काफी लोकप्रिय है। चूकि सरयू राय उसी विधानसभा से विधायक रहे थे और फिर से उसी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है।

जिस कारण सरयू राय झुठा प्रचार कर जनता को दिग्भ्रमित करने का षडयत्र कर रहे हैं।

सरयू राय इसी तरह गलत बयानबाजी कर मीडिया और जनता के बीच बने रहना चाहते हैं। चुनाव नजदीक देख मंत्री बन्ना गुप्ता की लोकप्रियता को देखकर ऐसा महसुस हो रहा है की सरयू राय अपना मानसिक संतुलन खोते जा रहें हैं।

वहीं शमशेर आलम ने सरयू राय को रांची के मेन्टल हॉस्पिटल मे इलाज कराने की सलाह दी।

# टुंडी विधायक ने मृतक असीत मंडल के पिता को एक लाख रुपए का चेक सौंपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज शनिवार को बेहड़ा निवासी मृतक असीत मंडल के पिता को मुखिया जयनारायण मंडल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री राहत कोष से एक लाख रुपए का चेक सौंपा। प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक असीत मंडल की हत्या कुछ दिन पहले बोल-बम जाने के क्रम में लूटेरों द्वारा कर दिया गया था जिससे अच्छा खासा बवाल पुलिस के खिलाफ किया गया था। आज इस दुःख की घड़ी में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा राहत कोष से मुआवजा दिलाकर एक कीर्तिमान स्थापित किया साथ ही पूरे गांवों के लोगों ने विधायक को इस तरह के कार्य के लिए बधाई दी है।साथ ही टुंडी पंचायत भवन में आयोजित मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना का शुभारंभ टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं उपस्थित लोगों से कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने बराबर महिलाओं को सम्मान एवं हक देने का काम किया है एवं आगे भी सम्मान करने का काम करेगा। मौके पर झामुमो नेता कामेश्वर सिंह चौधरी, टुंडी मुखिया रेखा देवी, वार्ड सदस्य शांति देवी, फूलचंद किस्कू, उपमुखिया संतूलाल किस्कू बबलू सिंह जबकि बेहाड़ा में मुखिया जयनारायण मंडल, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, मदन महतो, आनंद महतो, वासुदेव मंडल, पंचायत समिति सदस्य जगदीश मंडल,बंधू महतो, सुखदेव महतो, आदित्य कुमार मंडल, संजीत मंडल, बबलू मंडल, वशीर अंसारी, तपन मंडल, समेत कई समाजसेवी उपस्थित थे।

# दामोदर नदी का जल स्तर बढ़ने से झरिया व पुटकी क्षेत्र में जलापूर्ति ठप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** कई दिनों से लगातार हो रही बारिश और तेनुघाट का पानी छोड़े जाने के कारण दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ते जा रहा है। जिसका असर जलापूर्ति पर पड़ने लगा है। दामोदर नदी का जल स्तर 460 आरएल (रिवर लेवल) पर पहुंच गया है। नदी का जल स्तर बढ़ने से नदी किनारे के मोटर पंप फुटबॉल को ऊपर उठा लिया गया है। वहीं शनिवार को सुबह से जामाडोबा जल संयंत्र में जल भंडारण व पानी सप्लाई का काम ठप रहा। झमाडा कर्मियों का कहना है कि नदी का जल स्तर बढ़ने से फुटबॉल का लेवल सेट करने में समय लगता है। पंप को ऊपर उठाना पड़ता है। पानी कम होने पर भी यही स्थिति उत्पन्न होती है। बावजूद जलापूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। 452 आरएल होना चाहिए। दामोदर नदी में करीब पांच फीट पानी बढ़ गया है और अभी पानी बढ़ता जा रहा है। पानी के साथ काफी मात्रा में ह्यकचरा भी आ रहा है। जिसके कारण फुटबॉल जाम हो रहे हैं। जिससे रॉवॉटर को जल भंडारण गृह में भेजने में दिक्कत होती है । बताते चले की जमाडोबा स्थित झमाडा के जल संयंत्र से झरिया विधानसभा क्षेत्र ही नहीं पुटकी क्षेत्र के लिए भी जलापूर्ति होती है। जल स्तर बढ़ने का प्रभाव भी दोनों क्षेत्रों को भुगतना पड़ता है। करीब 12 लाख की आबादी के लिए जल भंडारण और जल सप्लाई का काम शनिवार को नहीं हो पाया। पानी का लेयर बढ़ रहा है और कचरा भी काफी मात्रा में आ रहा है। जिसके कारण जलापूर्ति बाधित रही।

# आद्रा मंडल में ट्रैफिक ब्लॉक के कारण हुआ ट्रेनों का निरस्तीकरण व मार्ग परिवर्तन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की दक्षिण पूर्वी रेलवे के आद्रा मंडल में ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा जिस कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया जाएग जिनका विवरण निम्नानुसार है =

**निरस्त वाली ट्रेन :-** 1.दिनांक 04.08.24 को गाड़ी सं. 18019/18020 झारग्राम-धनबाद-झारग्राम एक्सप्रेस।

2.दिनांक 04.08.24 को गाड़ी सं. 13504/13503 हटिया-बर्द्धमान-हटिया एक्सप्रेस।

**मार्ग परिवर्तन वाली ट्रेनें :-** 1. दिनांक 04.08.24 को चलने वाली ट्रेन संख्या 12365 पटना- रांची जन शताब्दी एक्सप्रेस चन्द्रपुरा- बरकाकाना- मुरी के रास्ते चलायी जाएगी।

2.दिनांक 04.08.24 को चलने वाली ट्रेन संख्या 12801 पुरी- नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस पुरुलिया- अनारा- भोजूडीह- नेसुबो गोमो के रास्ते चलायी जाएगी।

**आंशिक समापन/ आंशिक प्रारंभ वाली ट्रेनें :-** 1. दिनांक 04.08.24 को चलने वाली ट्रेन संख्या 13319 दुमका- रांची एक्सप्रेस का आंशिक समापन बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पर किया जाएगा।

2.दिनांक 04.08.24 को चलने वाली ट्रेन संख्या 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ बोकारो स्टील सिटी स्टेशन से किया जाएगा।

# निरसा सीएससी में दवाईयां तो उपलब्ध हैं मगर एएनएम का घोर अभाव है : डॉ. संजय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बरसाती मौसम की बीमारियां मसलन डायरिया, कुत्ता काटने की दवाई, छिड़काव के लिये ब्लीचिंग पाउडर, एलर्जी सहित अन्य छोटी मोटी बीमारियों की दवा सीएससी अस्पताल में उपलब्ध है, मगर एएनएम का घोर अभाव है। उक्त बातें निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक संजय कुमार ने कही। विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ संजय कुमार ने कहा कि बरसात के इस मौसम में अनेक तरह की बीमारियों से लोग ग्रषित हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील किया है की इस मौसम में डायरिया व दूषित पानी से एलर्जी की संभावना बढ़ जाती है। इसलिये सावधान रहें और जहां आप रहते हैं वहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करते रहें। वैसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा सहिया के माध्यम से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी ने आगे बताया कि दो माह तक विटामिन ए की खुराक लोंगों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 25, 26 एवं 27 अगस्त तीन दिन पल्स पोलियो का कार्यक्रम चलेगा। उसके बाद डोर टू डोर दवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला व पुरुष बंध्याकरण का कार्यक्रम भी चल रहा है। उक्त बीमारियों के लिये दवाएं पर्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की भारी कमी है। एएनएम का अधिकृत पोस्ट 80 का है जिसमे मात्र 24 एएनएम ही कार्यरत हैं जिसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# दिन भर इंतजार के बाद सैकड़ो महिला वापस घर लौटी, नहीं हुआ मईया योजना का आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटंड पंचायत भवन में शनिवार को मईया सम्मान योजना के लिए दिन भर इन्तजार के बाद बिना आवेदन किये वापस घर लौट गई । बता दे कि झारखण्ड सरकार द्वारा अभी हाल ही में लाई गई मईया सम्मान योजना के लिए आवेदन लेने के लिए सभी पंचायत भवन में केम्प का आयोजन किया गया था । अफ़सोस कि सरकार के वेबसाइट नहीं चलने कि वजह से दिन भर महिलाये इंतजार के बाद वापस अपने घर लौट गई । वही परेशान महिलाये सरकार के खिलाप काफी आक्रोशित दिखी । लोगो ने कहा कि सरकार अगर योजना लाती है तो उसे धरातल पर उतारने के लिए पूरी तैयारी कर लेना चाहिए था । वेबसाइट नहीं चलने कि वजह से विभिन्न पंचायत भवन मे लाखो महिलाये परेशान हुई उसका जिम्मेवार कौन है अगर वेबसाइट पूरी तरह से तैयार नहीं था तो जनता को परेशान करने के लिए पंचायत भवन में दिन भर के लिए रुकने को मजबूर क्यों किया गया। वही निरिक्षण के लिए जमुआ बीडीओ कमलेन्द्र सिन्हा पहुचे लेकिन लोगो कि नाराजगी को देख तुरंत वापस निकल गए वेबसाइट नहीं चलने पर वो भी कुछ कह नहीं पाए। केम्प में आई महिलाये सहित मुखिया, ओपरेटर और पंचायत के अन्य सहयोगी भी काफी परेशान हुवे लोगो को जबाब देना मुश्किल हो गया । किसी तरह से महिलावो को समझा बुझा कर अगले दिन वापस आने को बोलकर घर भेज दिया ।

डायवर्सन बहने पर यातायात बाधित, आवागमन में आमजनों को हुई समस्या

## डायवर्सन टूटने से खतरे की आशंका, प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग से आवगमन कराने का दिया अधिकारियों को निर्देश





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कंडरा के समीप अर्धनिर्मित पुलिया के पास नाले पर बना डायवर्सन पानी के तेज बहाव के कारण बह गया जिसे यातायात बाधित हुआ। वही छोटी वाहनों का यातायात वैकल्पिक व्यवस्था मार्ग से कराया गया। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कंडरा सीमावर्ती एन एच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर वर्षो पूर्व से पुलिया निर्माण कार्य संवेदक के द्वारा कराया जा रहा था। जो कार्य काफी धीमी गति से किए जाने का परिणाम आज आमजनों व राहगीरों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि पुलिया निर्माण कार्य आरम्भ होते ही यातायात बाधित न हो इसको लेकर नाले पर पुराने पुलिया को डायवर्सन के रूप में बनाया गया था। जिस पर से सभी प्रकार की वाहनों का परिचालन हो रहा था लेकिन प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से रुक रुक कर तेज बारिश के कारण डायवर्सन के ऊपर से नाले की पानी का बहाव आरम्भ हो गया। और धीरे धीरे मिट्टी कटाव के कारण डायवर्सन का कुछ भाग तेज पानी के धार में बह गया और जल स्तर काफी बढ़ गया। जिससे यातायात बाधित हो गया और आवागमन में परेशानी हुई। जिसे सुबह से ही भारी वाहनों की परिचालन ठप है। वही डायवर्सन टूटने की सूचना प्रखंड व जिला प्रशासन को मिलते ही क्षेत्र का दौरा कर पदाधिकारियों द्वारा जायजा लिया गया। जबकी ग्रामीणों का कहना है कि यातायात बाधित होने के पीछे संवेदक की लापरवाही का नतीजा है साथ ही ग्रामीणों द्वारा कहा जा रहा है कि वर्षों पूर्व से पुलिया निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ था। जो बहुत ही धीमी गति से होने के कारण आज आवागमन और यातायात बाधित हुआ है। और आमजनों को इस संकट से जूझना पड़ रहा है। इस संदर्भ में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा द्वारा जायजा लेने पर उन्होंने कहा डायवर्सन टूटने की सूचना पर प्रखंड प्रशासन के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था बहाल कर यातायात मार्ग बदला गया है। और इस पथ पर अगले आदेश तक यातायात आरम्भ नही करने का अपील करते हुए कहा कि संवेदक द्वारा डायवर्सन मरमती पूर्ण रूप से नही हो जाता है। तब तक वैकल्पिक मार्ग से ही लोग आवगमन करें और बड़ी अनहोनी से बचें। इसके अलावे सीठीयो पुल का भी प्रखंड प्रशासन द्वारा लगतार जायजा लिया जा रहा है। जहां कोयल नदी भी उफान मार रही है और खतरा बने होने की आशंका जताया जा रहा है। वही सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार क्षेत्र भ्रमण कर लगातार नजर बनाए हुए है और लोगो को खतरे से बचने की सलाह दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान निधि योजना का सर्वर डाउन, पहले दिन ही परेशान दिखे लाभार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत सभी प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवनों में शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 21 से 49 वर्ष की आयु वाले महिलाओं को अपने-अपने क्षेत्र के पंचायत भवन में ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की गई थी इस दौरान होने वाले इंटरनेट सर्वर डाउन होने की वजह से आवेदन कर्ता काफी परेशान दिखे। इस दौरान इस योजना के अंतर्गत आवेदकों के स्वीकृति के पश्चात प्रति माह 1000 की सम्मान राशि सीधे आवेदकों के बैंक खाते में भेजे जाने की योजना है जिसका अंतिम तिथि 10 अगस्त तक है इस दौरान आसपास के नजदीकी प्रज्ञा केंद्रो में भी ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था की गई है इस योजना के तहत आवेदकों को एक फोटो,मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा राशन कार्ड के साथ अपना अपना आवेदन किया जा सकता है। इस दौरान होने वाले आवेदन प्रक्रिया को लेकर आंगनबाड़ी सेविका को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं तथा पंचायत भर के सभी 21 से 49 वर्ष के महिलाओं तथा युवतियों का आवेदन करने में सहयोग करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, वाहनों का पहिया थमा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में रुक रुक कर हो रहे भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिस के साथ चल रहे ठंढी हवा के कारण लोग घरों में दुबक कर रहने को विवश हैं। सरकारी कार्यालयों विद्यालयों में सन्नाटा पसरा हुआ है। अत्यधिक पानी भरने से नदी तालाब उफान पर हैं। किसानों का खेतों में पानी भरने से किसान उत्साहित हैं। सभी जगहों पर पानी ही पानी नजर आ रहा है। हवा और बारिश के कारण लम्बी दूरी की भारी वाहनों का पहिया थम सा गया है। वाहन चालक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर बारिश छूटने के इन्तिजार कर रहे हैं। बारिश के कारण पानी से जलजमाव हो गया है। जगह जगह रास्ते मे पानी का जमाव है जिसे आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। सेन्हा से मुर्की जाने के रास्ते मे गढ्ढा होने के कारण पानी भर जाने से कीचड़ हो गया है। जिसे राहगीरों को आने जाने में बहुत दिकत हो रहा है। वही खेत मे भी अधिक पानी होने के कारण किसानों का तैयार बिचड़ा को भी काफी नुकसान हो रहा है।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का फॉर्म को किया गया ऑनलाइन



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवन अरु में मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना का फॉर्म ऑनलाइन किया गया। जीप सदस्य और मुखिया की उपस्थिति में पंचायत के छः आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा अपने अपने आंगनबाड़ी क्षेत्र के 21 से 50 वर्ष तक कि महिलाओं का फॉर्म भरकर मौके पर मौजूद प्रज्ञा केंद्र संचालको से ऑनलाइन कराया गया। वही पंचायत क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र कल्हेपाट अम्बाटोली से 25, आंगनबाड़ी केंद्र फुलवार टोली अरु से 37 आंगनबाड़ी केंद्र कल्हेपाट खास से 55,आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन टोला अरु से 90,आंगनबाड़ी केंद्र अरु खास से 70 और आंगनबाड़ी केंद्र डांड़ टोली से 10 लोगों का आवेदन ऑनलाइन किया गया। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि बहन बेटी और बहुओं का सम्मान और आजीविका के लिये झारखण्ड सरकार सहयोग के तौर पर प्रत्येक माह 1000 रुपैया देगी जो मुख्यमंत्री का सराहनीय पहल है। साथ ही कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न तरह का महत्वाकांक्षी योजनाएँ चलाई जा रही है। सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ सभी लोग लें सरकारी योजना का लाभ सभी को लेने का हक है। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में 01 अगस्त से 10 अगस्त तक मुख्यमंत्री मइया योजना का तहत आवेदन भरने के लिये ऑनलाइन कार्य किया जायेगा। मौके पर मुखिया राजश्री उराँव प्रज्ञा केंद्र संचालक सिदिक अंसारी, संतोष साहु, आरिफ अंसारी के अलावे सरवरी खातून, नुसरत बानो, मंजू देवी, लहसनिया उराँव, हुमा समरीन, सावित्री देवी सहित अन्य आंगनबाड़ी सेविका तथा महिलाएँ उपस्थित थे।

## लोहरदगा लेडीज युथ सोसाइटी द्वारा उल्लास के साथ मनाया गया सावन महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के मुद्रिका बैंक्वेट हाल में रश्मि अग्रवाल और अंशु खत्री की अध्यक्षता में लोहरदगा लेडीज युथ सोसाइटी की महिलाओं ने मन भायो सावन कार्यक्रम मनाया।मौके पर सावन के झूले लगाए गए। सभी महिलाएं हरी-हरी साड़ी, चूड़ी, हाथों में मेहंदी, लगाकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। हरे रंग के श्रृंगार में महिलाओं ने खूब मस्ती की। सावन के गीतों और नृत्य ने उत्सव में और भी उमंग भर दिया। कार्यक्रम की संचालिका अंजली अग्रवाल ने बताया कि सावन महोत्सव में महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताएं भी रखी गई थी। अतिथि के तौर पर उपस्थित सुषमा सिंह और सुमन रॉय ने कहा कि इस पावन महीने में भगवान शिव की भक्ति हो या सावन महोत्सव, महिलाओं में उमंग देखने को मिलता है। सावन में महिलाएं न केवल भगवान शिव की पूजा करती है, बल्कि इस दौरान सावन महोत्सव का आयोजन कर एक-दूसरे को सावन मास की शुभकामनाएं देती हैं। सावन क्वीन का खिताब वर्षा गोयल को दिया गया। आकांक्षा गोयल उपविजेता रही। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। महोत्सव में विषेष रूप से अंशु खत्री, प्रीति खत्री, अंजलि अग्रवाल, सुनीता मिश्रा, नीति अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, नीलम मेहता, श्वेता मित्तल, संगीता मित्तल, अंजुल गुप्ता, सरिता कुमारी, पूजा गुप्ता, नीतू मित्तल, सोनी अग्रवाल, अन्नू अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपास्थित रही।

## अधिवक्ता गोपाल कृष्ण के निर्ममता पूर्वक हत्या से लोहरदगा के अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को रांची में अधिवक्ता गोपाल कृष्णा की निर्ममता पूर्वक हत्या से लोहरदगा जिला के अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश है। आये दिन झारखंड में अधिवक्ताओं के विरुद्ध जिस प्रकार की घटना हो रही है अधिवक्ताओं के प्रति सरकार और प्रशासन की उदासीन रवैया है। अधिवक्ता संघ इसकी पुरजोर विरोध करते हुए मांग करती है कि अधिवक्ताओं को सुरक्षा मुहैया कराई जाए तथा अविलंब अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू की जाए। कल की घटना के विरोध में सभी अधिवक्ता आज स्वतः अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय कर झारखंड सरकार से मांग करते हैं कि इस प्रकार की घटना का पूर्णावृति नहीं हो इसके अलावे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय लोहरदगा उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय, लोहरदगा को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधि मंडल ने बार परिसर की सुरक्षा हेतु सी.सी.टीवी कैमरा, चारदीवारी निर्माण तथा अधिवक्ता परिसर की सुरक्षा के लिए पहले जिला पुलिस बल के सुरक्षाकर्मी दिया गया था परंतु अब हटा लिया गया है उन्हें फिर से बहाल करने हेतु कहा गया। आज के इस विरोध कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेन्द्र देव, पवन कुमार, विक्रम कुमार, अनिल पांडे, प्रवीण भारती, मुनिदर प्रसाद, सतीश विद्यार्थि, चन्द्रशेखर कुमार, रखा साहू, देवाशीष कर, अजीत कुमार, राज ललित प्रसाद, नसीम अंसारी, सचिन कुमार, शशांक कुमार,विवेक कुमार,युगल सिंह, जमींल अंसारी, मोमिन खातून, सुरीला देवी, बी.बी.दुबे, जेरोम तीगा, नरेंद्र मिंज इत्यादि उपस्थित थे।

## भारी वारिस से चहूं और जलमग्न, धान फसल रोपाई का कार्य पकड़ा रफ्तार



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत क्षेत्र के सभी गाँवो मे 2-3 अगस्त को लगातार हो रहे वारिस से चारों और जलमग्न होकर नदियों मे उफान आयी है,वही धान फसल रोपाई कार्य में भी रफ्तार पकड़ लिया है। विदित है कि झारखंड राज्य आपदा प्रवंधन प्राधिकार गृह कारा एवं आपदा प्रवंधन विभाग के द्वारा 02 एवं 03 अगस्त को भारी वारिस को लेकर एडवाईजरी जारी करने के बाद सरकार ने 03 अगस्त को सभी सरकारी व निजी विद्यालय बन्द रखने के दिये थे निर्देश, उस निमित्त 03 अगस्त को प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी व निजी विद्यालय वन्द रहे। प्रखंड मुख्यालय स्थित नन्दनी व कन्दनी नदियों मे जल की आये उफान भयावह रुप ले रही थी,नदियों मे इस वर्ष 2024 मे पहली वार उमड़ते जल की एक झलक देखने की लालसा ग्रामीणों मे दिखाई पड़ीं। भारी वारिस और तुफान के कारण विद्युत का भी रुक-रुक कर आने और जाने से बहुत से लोगों को मोबाईल चार्ज करने की चिंता सताने लगी थी।

## जय श्री राम समिति ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के द्वारा एक पीड़ित मरीज को ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप कुडु प्रखंड के बबली देवी पति छोटू मांझी सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य संतु कुमार ने उक्त पीड़ित मरीज को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा पीड़ितों की सेवा हमेशा से समिति का लक्ष्य रहा है समिति सदस्यों की अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा देखते ही बनता है मानो गरीब लाचार मरीजों के लिए एक पैर में खड़ा हो। आगे कहा कि जो लोग अपनों को भी ब्लड देने से कतराते हैं वैसे लोगों का जीवन बेकार है ओम महतो ने आगे कहा एक कदम आगे बढ़ने से दो लोगों की जिंदगी बचती है दुख दर्द और खुशी पीड़ितों के घरों पर महसूस की जा सकती है सुख में तो सब साथ देते हैं परंतु दुख में साथ छोड़ देते हैं ऐसे समय में दो अनजान लोग जो एक दूसरे को ना जानते हैं और ना पहचानते हैं फिर भी किसी को आगे आकर किसी की मदद करना बहुत बड़ा पुण्य का काम होता है। ध्यान रहे दो बूंद जिंदगी की सारी खुशियां दे सकती है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, जीवन महतो, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कुडु प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान समेत आदि लोग मौजूद थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर भंडरा प्रखंड कांग्रेस की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर जिला से पहुंचे प्रखंड प्रभारी सामुल अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार लोकहीत में कई योजनाएं चलाकर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसको जन-जन तक पहुंचाना हर पार्टी कार्यकर्ता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राज्य की 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा मंईया सम्मान समृद्धि योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके तहत सभी लोगों के खाता में प्रत्येक माह एक-एक हजार की राशि भेजी जाएगी। साथ उन्होंने कई योजनाओं का जिक्र करते हुए ग्रामीणों को योजना का लाभ देने के लिए जागरूक करने की बात कही है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में जिस तरह कार्य कर रही है। इससे भाजपा में डर का माहौल है। राज्य सरकार सभी समुदाय को लेकर आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत सिमडेगा में इस योजना का उद्घाटन विधायक के द्वारा किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना राज्य के प्रत्येक जिला में 3 अगस्त से शुरुआत हुआ है यहाँ झारखण्ड सरकार की एक महत्त्वकांची योजनाओं मै से एक है इस योजना के अंतर्गत सभी महिलाओ जिनकी उम्र 21-50 तक है उन्हें उचित सम्मान स्वरुप 1000rs दिया जाएगा यह राशि सीधे बैंक खाते में आएगा जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आए और अपने आप में सशक्त हो और यह योजना निरंतर रूप से सुचारू रूप से जब तक गठबंधन की सरकार है तब तक दिया जाएगा इसका लाभ उठाने के लिए प्रखंड, पंचायत और आंगनवाड़ीकेंद्र में इसके फार्म उपलब्ध हैं इसकी प्रक्रिया ऑनलाइन है जो की पंचायत के ऑपरेटर के माध्यम से भारी जाएगी अतः इस उद्घाटन समारोह सम्मेलन में मौके पर उपस्थित रहे सिमडेगा उप विकास आयुक्त, सिमडेगा प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा CDPO, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य शांतिबाला केरकेट्टा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख सिलबेस्टर, मुखिया बसंती डुंगडुंग, तनु डूंगडूंग, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, उप मुखिया मयंती तिर्की, डा. इम्तियाज हुसैन, सलीम बेक,मनोज बरवा आदि भारी संख्या में महिला और बहनें शामिल थे।

## महिलाओं का मुख्यमंत्री सम्मान समृद्धि योजना को लेकर ऑनलाइन आवेदन भरा गया



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत भवन में शनिवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं का मुख्यमंत्री सम्मान समृद्धि योजना को लेकर ऑनलाइन आवेदन भरा गया। हालांकि भंडरा प्रखंड के सभी पंचायत में सर्वर ठीक नहीं रहने के कारण लोगों को घंटो परेशान रहना पड़ा। भंडरा प्रखंड में डेढ़ बजे सर्वर ठीक होने के बाद 21 से 50 वर्ष की महिलाओं का मुख्यमंत्री सम्मान समृद्धि योजना का ऑनलाइन आवेदन भरा गया। ऑनलाइन से पूर्व पंचायत भवन में नियुक्त अधिकारियों द्वारा महिलाओं द्वारा प्रस्तुत आवेदन की जांच के उपरांत ऑनलाइन किया गया। भंडरा प्रखंड में सर्वर डाउन रहने के कारण काफी कम लोगों का आनलाइन हुआ। मुख्यमंत्री सम्मान समृद्धि योजना का लाभ लेने के लिए झमाझम बारिश के बाद भी पंचायत भवनों में महिलाओं की काफी भीड़ लगी रही। हालांकि सुबह दस बजे से एक बजे तक सर्वर ठीक नहीं रहने के कारण कुछ महिलाएं वापस घर लौट गई।

खेल के माध्यम से हम अपने स्वास्थ्य व करियर को बेहतर बनाएं : किरण शंकर सिंह

## हिंडालको सीएसआर के माध्यम से बीमरला में ग्रामीण खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडालको सीएसआर के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभा को निखारने हेतु खनन क्षेत्र के आसपास गांव के खिलाड़ियों एवं फुटबॉल क्लब के सदस्यों के बीच फुटबॉल का वितरण किया जा रहा है। आज इसी कार्यक्रम के तहत बिमरला खनन क्षेत्र अंतर्गत घुंघरू पाठ, घोड़ा पत्थर, कुंदो, बरांगपाठ, घाघरा पाठ, देमाडीह, चापकोना एवं जिलिंग सिरा आदि ग्रामों के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक (खान) किरण शंकर सिंह ने फुटबॉल वितरण करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। आप फुटबॉल खेल के जरिए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना करियर भी संवार सकते हैं। इसके लिए आपको अनुशासित तरीके से खेलना होगा। साथ ही साथ क्षेत्र में खेल की भावना भी बढ़ेगी। मौके पर सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे ने भी खिलाड़ियों को अपने संबोधन के जरिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए सीएसआर विभाग के अभय भारती ने सबों को फुटबॉल वितरण करते हुए शुभकामनाएं दी। मौके पर सुजीत कुमार झा, कृष्णा शर्मा, नागेंद्र सिंह, पुलिस अधिकारी प्रमोद पांडे, ग्रामीण रामचंद्र उराव, राजकुमार उरांव, अरुण यादव, सुशील असुर, मंगलेश्वर असुर, लिटु असुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## वेदव्यास से सिमडेगा कावर यात्रा में सेवा के लिए बजरंग दल चलंत चिकित्सा सेवा दल रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लगातार 25 वर्षो से हो रही उड़ीसा के त्रिवेणी संगम वेदव्यास से लेकर सिमडेगा सरना मंदिर कांवड़ यात्रा शनिवार को शुरुआत हुई जहां पर कांवरिया बम को चिकित्सा सेवा मुहैया करने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा महावीर चौक सिमडेगा के पास विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा हर हर महादेव के जय घोष के साथ बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के सदस्यों को उड़ीसा के लिए रवाना किया गया, मौके पर जानकारी देते हुए बताया पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी कांवरिया लोगों के बीच चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से चलन चिकित्सा सेवा को भेजा गया है उन्होंने बताया कि उक्त चिकित्सा शिविर में जरूर की सभी प्रकार की दवाई मलहम पत्ती सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है ताकि 75 किलोमीटर की लंबी कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी कांवरिया को अगर चोट लगती है या फिर उन्हें चलने में परेशानी होती है तो उन्हें तत्काल वहीं पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। वही मौके पर उन्होंने कार्य में सहयोग के लिए सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया वहीं इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के अलावा नारायण दास लहरु सिंह बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल नगर संयोजक मानस प्रसाद सुमित गुप्ता बलराम अग्निवेश सहित 40 से अधिक बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रमंडलीय बैठक का हुआ आयोजन

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में प्रमंडलीय बैठक का आयोजन हुआ. संगठन को धारङ्कदार बनाने के सुझाव दिए. संगठन को मजबूती के साथ चुनाव की तैयारी एवं चुनाव लड़ने की बात कही. अभी से हीं चुनाव की तैयारी में लग जाए. सभी भाजपा परिवार को मिलकर कार्य करने की बात कही. उन्होंने कहा कि भ्रष्ट और निकम्मी हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने की दिशा में सभी कार्यकर्ता लगन से लग जाए. जनता को झूठ का सहारा अब नहीं भा रहा है. भाजपा की सरकार राज्य में लाने की चाह जनता की है. जनता इस बार मन बना चुकी है कि राज्य में दुबारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनके रहेंगे।

चलते चलते एक नजर

## सीसीएल ने सीएसआर से सम्बंधित 3 पुरस्कार जीते



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल ने नई दिल्ली में आईएचडब्ल्यू परिषद द्वारा आयोजित 8वें सीएसआर हेल्थ इम्पैक्ट अवार्ड में 3 पुरस्कार जीते। सीसीएल के अधिकारीगणों ने यह पुरस्कार पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के हाथों प्राप्त किया।

सीसीएल ने तीन श्रेणियों : वर्ष की सबसे नवीन सीएसआर परियोजना में स्वर्ण; सीएसआर खेल संवर्धन परियोजना में स्वर्ण एवं सीएसआर सतत आजीविका परियोजना में कांस्य पुरस्कार जीता। ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कंपनी हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं सतत विकास को समर्पित कई पहलों का सफलता पूर्वक संचालन करते हुए राष्ट्र की ऊर्जा अवश्यकताओं की पूर्ती करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है।

## अयोध्या गैंगरेप मामले में गरम हुआ सियासत

**लखनऊ :** यूपी के अयोध्या में बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी समाजवादी पार्टी के भदरसा नगर अध्यक्ष मोईद खान की बेकरी पर चल रहे बुलडोजर की कार्रवाई के बीच राजनीति गरमा गई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने डीएनए टेस्ट का सुझाव दिया है तो मायावती ने सपा पर सवाल उठाए हैं। अयोध्या में आरोपी पर चल रही कार्रवाई सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ़ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे कानून के हिसाब से पूरी सज़ा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है। इस पर बसपा मुखिया मायावती ने पलटवार करते हुए सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से लिखा कि यूपी सरकार द्वारा अयोध्या के गैंगरेप केस में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित, लेकिन सपा द्वारा यह कहना कि आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिये, इसे क्या समझा जाए। ज्ञात हो कि अयोध्या दुष्कर्म मामले में योगी सरकार एक्शन में है। बच्ची की मां से मुख्यमंत्री योगी की मुलाकात के 24 घंटे बाद आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी को बुलडोजर से ढहा दिया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह और अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह के साथ एसडीएम सोहावल अशोक सैनी की मौजूदगी में भारी पुलिस फोर्स को लेकर कार्रवाई शुरू की गई।

# आज से चैनपुर-नेउरा मार्ग का होगा मरम्मत

## हमारे निगम का भारत में दूसरा स्थान आना शहर के लिए गौरव की बात : अरुणा शंकर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अंतर्गत सत्र 2023-24 में मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए निगम कार्यालय में जाकर नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन को बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नगर आयुक्त को सम्मानित करते हुए कहा कि इस योजना की शुरुआत 2020 में फुटपाथ विक्रेताओं को आर्थिक स्वालंबन एवं सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई थी। यह सभी योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना थी। इस महत्वाकांक्षी योजना को निगम के पदाधिकारी एवं कर्मियों के अथक प्रयास से कैंप लगाकर फुटपाथ व्यवसाईयों को प्रथम क़िस्त 10 हजार, द्वितीय किस्त 20 हजार एवं तृतीय किस्त 50 हजार तक की राशि ससमय मुहैया कराई। इस योजना के तहत निगम क्षेत्र में 3273 फुटपाथ व्यवसाईयों को लाभ दिया गया। योजना को डे एनयुएलएम के अंतर्गत संचालित किया गया था। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने निगम के इस मिशन को अथक प्रयास कर पूरा करने के लिए नगर आयुक्त के साथ-साथ नगर मिशन प्रबंधक सतीश कुमार, अभिषेक कुमार, सामुदायिक संगठन कर्ता रिंपी कुमारी, राजन सिंह, सामुदायिक संसाधन सेविका सावित्री कुमारी, ज्योति देवी, सुनीता देवी, चांदनी देवी, सोनम देवी, सुषमा देवी को भी बधाई दी। जिनके बिना यह मिशन संभव नहीं था। प्रथम महापौर ने कार्यालय पदाधिकारी एवं कर्मियों से भी मिलते हुए उन्हें भी शहर को गौरवनित करने के लिए बधाई दि और कहा कि भारत स्तर पर द्वितीय स्थान लाना मेदनीनगर निगम एवं शहर वासियों के लिए गौरव की बात है। इससे मेदनीनगर की छवि बदल रही है।

### नगर आयुक्त को विभिन्न समस्याओं से प्रथम महापौर ने कराया अवगत

प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने नगर आयुक्त से मिल कर चैनपुर नेउरा मार्ग को, जब तक रोड पीडब्ल्यूडी नहीं बनाता तबतक अवीलंब मरम्मत कराने को अनुरोध किया। जिस पर नगर आयुक्त ने तत्काल जन समस्या को देखते हुए रविवार से निगम की सीमा बोर्ड तक निगम के एसडीओ को अच्छे से मरमती का काम लगाने का आदेश दिया। प्रथम महापौर ने भट्ठी मोहल्ला के नाला जाम एवं पहाड़ी मोहल्ले की खराब स्थिति पर भी चर्चा करते हुए कहा कि अवीलंब इस पर कार्यवाही की आवश्यकता है। जहां चैनपुर नेऊरा रोड पर गाड़ियां पलट रही है, वहीं दोनों मोहल्लों का जीवन नारकीय एवं अस्त-व्यस्त हो चुका है।



### नगर आयुक्त ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने नगर आयुक्त से मिलकर नगर निगम क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराया। प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि उनके रहते हुए निगम क्षेत्र का जितना बना विकास किया गया। अब भी उनका ध्यान नगर क्षेत्र के विकास पर हमेशा लगा रहता है। अरूणा शंकर ने कहा कि अभी भारी बारिश से पूरे शहर में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गया है। लोगों को बाहर निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस समस्या को तत्काल दूर करने की मांग नगर आयुक्त से की। साथ ही अरूणा शंकर ने कहा कि बरसात के दिन में बिजली की व्यवस्था होना भी काफी जरूरी है। इन दोनों समस्याओं की ओर उन्होंने नगर आयुक्त को बताया। साथ ही शहर की कई और समस्याओं के बारे में भी उन्होंने नगर आयुक्त से चर्चा की।

## सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री से मिले सांसद वीडी राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात किया। इस दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र सहित झारखंड राज्य के विकास कार्यों एवं लघु उद्योगों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। श्री राम ने बताया कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें क्रमशः पलामू एवं गढ़वा में टेक्निकल सेंटर खोलने एवं एमएसएमई के अंतर्गत आने वाली योजनाओं का कार्यान्वित कराने का अनुरोध किया।

इस पर मंत्री ने विभाग के पदाधिकारियों से उक्त संबंध में चर्चा कर पूरी कार्यवाई करते हुए 16/17 अगस्त 2024 को रांची में प्रस्तावित बैठक में जानकारी देंगे।

## सेना भर्ती रैली में चतरा और धनबाद जिले के युवाओं ने लिया हिस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेना भर्ती रैली में आठवें दिन शनिवार को चतरा और धनबाद जिले के युवाओं ने अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अभ्यर्थियों ने खेलगांव स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। जांबाज युवाओं ने अपने पूरे जोश और जुनून के साथ अग्निवीर जीडी श्रेणी में भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे। सेना भर्ती प्रक्रिया सिर्फ और सिर्फ निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ की जाती हैं। एक उम्मीदवार सिर्फ अपने मेहनत और प्रयास के जरिये ही चयनित हो सकता हैं। दलालों के बहकावें में ना आये वो सिर्फ आपको गुमराह कर सकते हैं।

# एआईएमआईएम ने झारखंड अनुसचिवीय संघ के हड़ताल का किया समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** विगत 22 जुलाई से नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ को एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉ. एमएन खान ने समर्थन दिया है।

इस अवसर पर डॉ. खान ने कहा कि झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की सभी मांगे जायज हैं। उनकी मांगों को झारखंड सरकार को अविलंब मानते हुए इन्हें हड़ताल से वापस करना चाहिए। ताकि अनुसचिवीय कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से जो कार्य बाधित है वह सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को हड़ताल पर चले जाने से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनता का काम बाधित हो जाता है। ऐसे में झारखंड सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। डॉ. एमएन खान ने कहा कि झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के हड़ताल पर बैठे हुए आज इतने दिन बीत गए। बावजूद झारखंड सरकार द्वारा कोई पहल नहीं किया जाना सरकार के उदासीन रवैया को दर्शाता है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष टी एस पांडेय, सचिव रघुवीर कौशिक, प्रमोद कुमार, उमाकांत पांडेय, संजय पांडेय, विकास कुमार, कुमार गौरव, राजेश कच्छप, शैलेश कुमार, रविरंजन कुमार, मोहम्मद नुमान अंसारी, फैयाज खान, आदर्श टोप्पो, सोनम कुमार द्विवेदी, अमित तिवारी, अरविंद सिंह, दीपक चक्रवर्ती, आलोक कुमार, अमरजीत उरांव, अरुण कुमार रवि, उमेश कुमार रवि, वरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

## रेलवे सलाहकार समिति ने बैठक में समस्याओं पर की चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा टाऊन स्टेशन अधीक्षक चंद्रभूषण कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें नवनियुक्त रेलवे सलाहकार समिति सदस्य रितेश चौबे, उमेश कश्यप, रविन्द्र जायसवाल, संजय कमलापुरी शामिल हुए। रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों ने बैठक के दौरान गढ़वा टाऊन स्टेशन में व्याप्त जन समस्या पर चर्चा किया एवं व्याप्त जनसमस्याओं को रेल मंत्रालय को जनसमस्या भेजने को लेकर प्रस्ताव पारित किया।

उक्त जानकारी देते हुए रितेश चौबे ने बताया कि समस्याओं की सूची में गढ़वा टाऊन स्टेशन पर एयर कंडीशनर वेटिंग हाल शौचालय सहित बनाने, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने, पुछताछ केन्द्र शुरू करने, यात्रीयो को चलने के लिए रेलवे स्टेशन के आस पास पक्कीकरण करने आदि मांग शामिल है।

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
झारखण्ड सरकार
कार्यालय– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, झारखण्ड, राँची।

आम सूचना

शहरी क्षेत्र में घर के प्रांगण में
"वृक्ष लगाने पर प्रति वृक्ष 5 यूनिट बिजली फ्री"

माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन द्वारा शहरी क्षेत्रों के पर्यावरण को स्वस्थ रखने एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु यह घोषणा की है कि शहरी क्षेत्रों (नगर निगम/नगरपालिका) में उन परिवारों को उनके बिजली विपत्र में सरकार प्रति पेड़ पाँच (05) यूनिट बिजली मुफ्त देगी जो इस योजना के अन्तर्गत अपने घर के परिसर में फूलदार, इमारती एवं फलदार वृक्षों को लगाया जायेगा।

इस योजना के उल्लेखनीय विन्दु निम्नवत् हैं :-

1. जब इन वृक्षों की गोलाई 20 से०मी० सीने की ऊँचाई पर हो जाएगी तब से इस योजना के तहत् लाभुक गिने जाएगें।
2. योजना के तहत् लगाये गये वृक्षों का लाभ दो वर्षों के उपरांत देय होगा।
3. यह लाभ सरकारी संस्थानों / सरकारी आवासों / व्यवसायिक प्रतिष्ठानों / उद्योगों /कारखानों इत्यादि की जमीन पर लागू नहीं होगा।
4. अधिकतम 05 वृक्ष प्रति लाभुक के आधार पर यह लाभुक को देय होगा।
5. एक लाभुक के एक प्रांगण में एक ही बिजली मीटर पर इस योजना का लाभ देय होगा।
6. यह लाभ संकल्प निर्गत होने की तिथि से अगले पाँच वर्षों के लिए प्रभावी होगा।
7. जिन लाभुकों को 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा प्राप्त है, उन्हें यह सुविधा नहीं मिलेगी।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बंधित नगरपालिका/नगरपरिषद के अंतर्गत विहित प्रपत्र भरकर नगर निकाय को आवेदनकर्त्ता माह फरवरी के अंत तक आवेदन करेंगे। नगरपालिका/नगरपरिषद द्वारा प्रति वर्ष मार्च माह में शहरी क्षेत्रों में निजी भूमि पर लगाये गये वृक्षों की गणना एवं जाँच प्रतिवेदन लाभुकवार सम्बधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी, प्रादेशिक वन प्रमण्डल को सूचित किया जाएगा। सम्बधित प्रादेशिक वन प्रमण्डलों द्वारा प्रत्येक माह 5 प्रतिशत सैम्पल के आधार पर लाभुकों के वृक्षों की जाँच करायी जायेगी। जाँचोपरांत लाभुकों की सूची तैयार कर प्रत्येक वर्ष के 20 अप्रैल तक सम्बंधित लाभुकों का नाम, पता, वृक्षों की संख्या, बिजली मीटर संख्या के साथ सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०, राँची को उपलब्ध कराया जाएगा।

यह सूचना जनहित में जारी !

ह०/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
विकास, झारखण्ड, राँची।

PR NO-331644 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25

## सीएम से मिले झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, सीएम को समस्याओं से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झामुमो के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची विधानसभा में मुलाकात कर उन्हें पलामू के समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात काफी सकारात्मक रही। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना और समस्याओं के जल्द समाधान की बात कही। इस मौके पर पलामू जिला के सचिव सन्नू सिद्धिकी भी मौजूद थे। अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया, मेदिनीनगर नगर निगम के खास महाल बहुत ही परेशानी का कारण है। गरीबों के लिए मुश्किल तो है ही, साथ ही व्यापारी वर्ग भी इससे काफी परेशान हैं। मुख्यमंत्री ने इसे जल्द सुलझाने का वादा किया है। सोकरा यात्री सेड कुई खैराहा होते हुए कोडकहीं आरईओ रोड तक तीन किलोमीटर, जिलेबिया मोड़ आरईओ रोड से बसरिया खुर्द होते हुए बसरिया कला आरीओ रोड तक 5 किलोमीटर रोड की मांग काफी समय से हो रही थी। जिसे मुख्यमंत्री को बताया गया। साथ ही मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या विकराल रूप लेते जा रही है। मुख्य रूप से बस स्टैंड के सुंदरीकरण के साथ साथ पलामू के विभिन्न मूलभूत समस्याओं से उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने ध्यान पूर्वक पलामू की जनसमस्याओं को सुना और उसे जल्द सुलझाने के लिए पदाधिकारियों को आदेश भी दिया।

## अरुणाचल प्रदेश में हथियारों के साथ म्यांमार के तीन नागरिक गिरफ्तार

**इटानगर :** अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने राज्य के लोहित जिले के ग्राम काथन से म्यांमार के तीन नागरिकों को शुक्रवार देर रात को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। तीनों अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसे थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तारी के बाद तीनों को वाकरो पुलिस थाने में ले जाया गया। शुक्रवार रात करीब 01 बजे काथन पुलिस चौकी की टीम ने तीनों को पकड़ा। उनकी पहचान अदे सादी लिसु (25), अखी योहा लिसु (22) और न्वाफाटा लिसु (20) के रूप में हुई है। बाद में उन्हें वाकरो थाने को सौंप दिया। इनके कब्जे से एक स्थानीय निर्मित 5.56 मिमी लंबी बैरल बंदूक, 7.62 मिमी लंबी बैरल बंदूक, 5.56 मिमी गोला बारूद के 26 जिंदा राउंड, 5.56 मिमी गोला बारूद के 22 खाली कारतूस, 7.62 मिमी के छह रीफिल्ड जिंदा राउंड और एक खाली कारतूस, एक मोबाइल फोन, 10 युआन (चीनी मुद्रा) और एक हजार रुपये नकद जब्त किए गए।